संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -13 गुरूवार ,14 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### जब पुलिस ग्राउंड हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के बैग की जांच की गई



**पालघर,13 नवम्बर 2024(ए)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच बैग की तलाशी लेने पर भी सियासत जारी है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने अब पालघर में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बैग की भी तलाशी ली है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बैग की भी तलाशी हो चुकी है। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे के बैग की दो बार तलाशी ली जा चुकी है। सबसे पहले सोमवार को यवतमाल जिले में और मंगलवार को लातूर में आयोग के अधिकारियों ने उनके बैग की तलाशी ली थी।

### मंच पर प्रधानमंत्री के पैर छूने झुके सीएम तो पीएम मोदी ने रोक दिया



**दरभंगा,13 नवम्बर 2024(ए)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दरभंगा में मंच पर प्रधानमंत्री के पैर छूने के लिए झुके तो पीएम मोदी ने उनके हाथ पकड़कर रोक दिया और फिर हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। इस दौरान मंच पर बीजेपी और जेडीयू के सीनियर नेता मौजूद थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

### सीआईएसएफ में पहली महिला बटालियन बनाने को मंजूरी

**नई दिल्ली,13 नवम्बर 2024(ए)।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। देश के इतिहास में पहली बार केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में एक महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। इस बटालियन में सिर्फ महिलाओं की ही भर्ती की जाएगी।

# 10 राज्यों की 31 विधानसभा,1 लोकसभा चुनाव समाप्त

**» छुटपुट घटनाओं का छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा...**

**नई दिल्ली,13 नवम्बर 2024(ए)।** झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हो गई। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में कुछ लोगों ने टीएमसी नेता अशोक साहू पर बम फेंके और गोलीबारी की। इसमें उनकी मौत हो गई। वे टीएमसी के वार्ड अध्यक्ष रह चुके हैं।

राजस्थान के देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस से बागी और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया। वे समरावता मतदान केंद्र जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे।

बिहार के तरारी विधानसभा सीट पर वोटिंग को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। दोनों गुटों में हुई मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं। एक युवक का सिर फट गया। पुलिस को यहां फ्लैग मार्च करना पड़ा।

केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा का मुकाबला भाजपा की नव्या हरिदास और लेफ्ट के सत्यन मोकेरी से है। प्रियंका वायनाड में एक बूथ पर पहुंचीं और लोगों से मिलीं।

### पश्चिम बंगाल में बम और गोलीबारी,टीएमसी नेता की मौत

पश्चिम बंगाल में बुधवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में बदमाशों द्वारा बम फेंके जाने और गोलियां चलाए जाने से तृणमूल नेता अशोक साहू की मौत हो गई। पूर्व तृणमूल वार्ड अध्यक्ष अशोक साहू एक चाय की दुकान पर बैठे थे, जहां उन पर हमला किया गया।

### बिहार के तरारी में दो गुटों में मारपीट, एक का सिर फूटा

बिहार की चार विधानसभा सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। मतदान के बीच तरारी में वोटिंग को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हो गई। इसमें एक युवक का सिर फट गया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोट आई है।



### राजस्थान के देवली-उनियारा सीट के प्रत्याशी ने एसडीएम को थप्पड़ जड़ा



वोटिंग के दौरान देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस के बागी और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ जड़ दिया। वे समरावता मतदान केंद्र में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। प्रशासन और पुलिस के जवानों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो हाथापाई हो गई।

### मध्य प्रदेश के विजयपुर में थाने पर प्रदर्शन, श्योपुर-मुरैना रोड जाम,बूथ कैप्चरिंग का आरोप

मध्यप्रदेश में दो विधानसभा सीटों- विजयपुर और बुधनी में उपचुनाव के लिए वोटिंग जारी है। विजयपुर में तेलीपुरा पोलिंग बूथ के मतदाताओं ने वीरपुर थाने पर प्रदर्शन करते हुए श्योपुर-मुरैना रोड पर चक्काजाम कर दिया। उनका आरोप है कि रावत समाज के लोग फर्जी मतदान कर रहे हैं जबकि आदिवासियों को वोट नहीं करने दिया जा रहा है।वहीं, अंधीपुरा गांव में भी मतदाताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत भी की है। खाड़ी गांव के लोगों ने भी बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया है।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मतदान किया

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के श्री कृष्ण प्रशासनिक सेवा संस्थान में स्थित मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने लोगों से मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मतदाता मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लें। अपने मताधिकार का सही से प्रयोग करना हम सबका



कर्तव्य है। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी ने देखा होगा कि जम्मू-कश्मीर में अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने मतदान किया। इसी तरह झारखंड के मतदाता भी पहले मतदान करें, उसके बाद दूसरा काम करें।पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खरसावां विधानसभा क्षेत्र में अपने बूथ पर मताधिकार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, 'मैंने राज्य को उज्जवल भविष्य की ओर ले जाने के लिए वोट किया है, मुझे उम्मीद है कि खरसावां की जनता भी इसी तरह वोट करेगी'राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने भी रांची के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद स्याही लगी अंगुली दिखाते हुए सभी लोगों से मतदान की अपील की।केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और रांची के भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह, झामुमो की प्रत्याशी और राज्यसभा की सांसद डॉ महुआ माजी ने सुबह में अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर वोट डाले। कोडरमा सीट पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री डॉ नीरा यादव अपने परिवार के साथ इंदरवा झरीटांड़ स्थित बूथ संख्या 239 पर पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मताधिकार के इस्तेमाल को लेकर वोटरों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बूथों पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। पहले चरण के तहत हो रहे चुनाव में 43 सीटों पर कुल मिलाकर 15 हजार 344 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 1.37 करोड़ मतदाता 683 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम पर लिखेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 68.73 लाख और महिला मतदाताओं की संख्या 68.36 लाख है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख है।

### झारखंड में दो राज्यों के राज्यपालों सहित कई हस्तियों ने डाले वोट

**कहा-सभी मतदाता निभाएं अपना फर्ज**

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के तहत 43 सीटों पर बुधवार



सुबह सात बजे से मतदान जारी है। कई बड़ी हस्तियों, राजनीतिक दलों के नेताओं और विभिन्न सीटों पर प्रत्याशियों ने अपने-अपने बूथों पर सुबह-सुबह मतदान किया है।ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पूर्वी जमशेदपुर क्षेत्र में मतदान केंद्र पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ वोट डालने पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, ÷लोकतंत्र के महापर्व में जो मतदाता का फर्ज होता है मतदान करना, उसी के तहत आज मैंने अपने परिवार के साथ मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है। मैं समस्त झारखंड वासियों से अपील करता हूं कि अपने परिवार के साथ अपने मत का उपयोग जरूर करें और आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करें ताकि हमारा लोकतंत्र और मजबूत हो।

बिहटा पंचायत के धर्मपुरा गांव की बूथ संख्या 223 पर एक पार्टी को वोट देने को लेकर विवाद हुआ है।

### राजस्थान के सलूंबर में नाव में बैठकर वोट देने पहुंचे मतदाता

राजस्थान के सलूम्बर की जयसमंद झील के बीच बसे टापुओं के लोग मतदान को लेकर जागरूक नजर आए। भटवाड़ा, बाबा मंगरा, बीड़ा, मिंदोड़ा मंगरा, भागल मंगरी, मुडिया खेत टापू गामड़ी ग्राम पंचायत और पायरी व भैंसों का नामला टापू मैथूड़ी ग्राम पंचायत में स्थित हैं। कई टापुओं में तो लोग रियासत काल से निवास कर रहे हैं। इन टापुओं में करीब 405 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष 220 और महिलाएं 185 हैं। भटवाड़ा टापू में एक ही परिवार निवास करता है, जहां दो महिला और दो पुरुष मतदाता हैं। टापू के लोग लकड़ी की नाव में सवार होकर मतदान सेंटर पर पहुंचे।

# मनमाने तरीके से किसी का घर नहीं गिरा सकता प्रशासन

**» अपराध की सजा घर तोड़ना नहीं...**

**» बुलडोजर ऐक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला...**

**नई दिल्ली,13 नवम्बर 2024 (ए)।** गंभीर मामलों में फकड़े जाने वाले अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर ऐक्शन पर सुप्रीम कोर्ट आज अपना फैसला सुनाया। जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की पीठ ने अपनी टिप्पणी में कई अहम बातें कही हैं। कोर्ट ने कहा कि बुलडोजर ऐक्शन कानून नहीं होने का भय दिखाता है। कोर्ट बुलडोजर ऐक्शन पर पूरे देश के लिए गाइडलाइन जारी करेगी। कोर्ट ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई में कानूनी प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है। पिछली सुनवाई में, अदालत ने अपराधों के आरोपियों को निशाना बनाने वाली अवैध विध्वंस कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इस तरह की कार्रवाई का एक भी उदाहरण संविधान की भावना के खिलाफ है। साथ ही इस तरह के मामलों में अखिल भारतीय दिशा-निर्देश बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### प्रशासन जज नहीं बन सकता:सुप्रीम कोर्ट

जस्टिस गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने फैसला पढ़ते हुए साफ कहा कि प्रशासन मनमाने ढंग से किसी का घर नहीं गिरा सकता। अगर ऐसा कोई भी अधिकारी किसी का भी घर मनमाने या अपनी मर्जी से गिराता है, तो उसपर कार्रवाई भी होनी चाहिए। पीठ ने आगे कहा कि अगर यह पाया गया कि घर अवैध तरीके से गिराया गया है तो, उसके लिए मुआवजा भी मिलेगा। बिना किसी का पक्ष सुने कार्यवाही न की



जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्राशसन जज नहीं बन सकता।

कोर्ट ने कहा- हमने संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों पर विचार किया है जो व्यक्तियों को मनमाने राज्य कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान करते हैं। कानून का शासन यह सुनिश्चित करने के लिए एक ढांचा प्रदान करता है कि व्यक्तियों को पता हो कि संपत्ति मनमाने ढंग से नहीं ली जाएगी।


### दोष सिद्ध करने के लिए पहले से फैसला मत लें...

बुलडोजर ऐक्शन पर फैसला सुनाते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि घर होना एक ऐसी चाहत है जो कभी नहीं मिटती, हर परिवार का सपना होता है एक घर। उन्होंने आगे कहा कि एक महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या कार्यपालिका को सजा के प्रमुख रूप में आश्रय छीनने की अनुमति दी जानी चाहिए ? जस्टिस गवई ने आगे कहा कि कानून का शासन लोकतांत्रिक सरकार की नींव है। मसला आपराधिक न्याय प्रणाली में निष्पक्षता का है,जो यह कहती है कि कानूनी प्रक्रिया को आरोपी का दोष सिद्ध करने के लिए पहले से ही निर्णय नहीं करना चाहिए।

### अपराध की सजा पूरे परिवार को नहीं सुप्रीम कोर्ट

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि आप आरोपी के कारण उसके पूरे परिवार को परेशान नहीं कर सकते। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि हमारा यह फैसला किसी एक राज्य के लिए नहीं,बल्कि पूरे देश के लिए है। इसके लिए पूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन करना होगा। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि कार्रवाई के लिए नोटिस डीएम को दी जाए। नोटिस में यह भी बताएं कि यह मकान कैसे अवैध है या कौन सा हिस्सा अवैध है। बेंच ने कहा कि 3 महीने में पोर्टल बनाकर नोटिस साझा किए जाएं। यही नहीं, अवैध निर्माण को गिराने के लिए पहले से बताना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि हमने आर्टिकल 142 के तहत फैसला सुनाया है।

जस्टिस गवई ने कहा हमने संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों पर विचार किया है जो व्यक्तियों को मनमाने राज्य कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान करते हैं। कानून का शासन यह सुनिश्चित करने के लिए एक ढांचा प्रदान करता है कि व्यक्तियों को पता हो कि संपत्ति मनमाने ढंग से नहीं ली जाएगी।




### भीषण गैस विस्फोट से मची अफरा-तफरी

**» इमारत और कई दुकानें आग की चपेट में...**

**फरीदाबाद,13 नवम्बर 2024 (ए)।** हरियाणा में फरीदाबाद के पलवल में गैस पाइपलाइन से रिसाव के कारण हुए भीषण विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विस्फोट पुरानी जीटी रोड पर लाला लाजपत राय पार्क के पास हुआ, जब एक सरकारी जेसीबी एक चाय की दुकान के पास पानी की पाइपलाइन को ठीक कर रही थी. अचानक ही घटनास्थल पर भगदड़ मच गई।

एक तीन मंजिला इमारत समेत कई दुकानें पूरी तरह से जल गईं. वहीं एक जेसीबी सहित कई वाहन भी आग में क्षतिग्रस्त हो गए और आग के कारण कुल नुकसान करोड़ों रुपये का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, दोपहर के आसपास पानी की पाइपलाइन के रिसाव को ठीक करने के लिए खुदाई यंत्र का उपयोग करके 10 फीट लंबा और आठ फीट चौड़ा गड्ढा खोदा गया था। बाद में जनस्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी लीकेज ठीक कर गड्ढे से बाहर निकले। जब जेसीबी से गड्ढे को दोबारा भरा जा रहा था,तभी पास की एक पीएनजी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और तेजी से रिसाव होने लगा। पुलिस ने कहा कि इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते, चाय की दुकान के चूल्हे की गैस से आग लग गई और विस्फोट हो गया।

# जिस आईपीएस को झारखंड में चुनाव ड्यूटी पर होना था,वे जयपुर में चाय पार्टी करते मिले

**जयपुर,13 नवम्बर 2024 (ए)।** चुनाव आयोग ने राजस्थान के एक आईपीएस अधिकारी को निलंबित कर दिया है। उन्हें चार्जशीट भी जारी की गई है। आईपीएस अधिकारी का नाम किशन सहाय मीणा है और वे 2004 बैच के अधिकारी हैं। उनकी ड्यूटी झारखंड चुनाव में लगाई गई थी और उनके पास चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण काम था, लेकिन वे अपने किसी सहायक को बिना सूचना दिए और बिना नियम फॉलो किए जयपुर लौट आए। बताया जा रहा है कि उन्होनें इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। ये सूचना चुनाव आयोग तक पहुचीं तो आज उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। झारखंड के मुख्य



चुनाव अधिकारी के रवि कुमार ने 2004 बैच के आईपीएस किशन सहाय मीणा के निलंबन की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आयोग ने उन्हें गुमला में पुलिस ऑब्जर्वर के तौर पर तैनात किया था। उन पर आयोग से बिना अनुमति के चुनाव ड्यूटी छोड़ने का आरोप है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है और उनकी जगह दूसरे पुलिस ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई है।

# आईएएस धिकारी और बिजनेसमैन की शादी

**» लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी की हुई शादी**

**कोटा,13 नवम्बर 2024 (ए)।** देवउठनी एकादशी के साथ देव दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस खास मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि बिरला भी परिणय सूत्र में बंध गई. मंगलवार की रात राजस्थान के कोटा में इस



विवाह का आयोजन हुआ, जहां अंजलि ने अपने फ्रेंड अनीस राजानी के साथ सात फेरे लिए. आज स्वागत समारोह में राजस्थान के स ी ए म भ ज न ल ा ल शर्मा सहित कई वीआईपी पहुंचेंगे. जानकारी के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी अंजलि की शादी की रस्में जीएमए टाउनशिप में हुई. यहां नवदंपति को आशीर्वाद देने के लिए कई प्रमुख मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी और सेलिब्रिटी पहुंचे. अंजलि और अनीस की शादी का ये आयोजन बेहद भव्य तरीके से किया गया. इस आयोजन में अतिथियों ने जोड़े को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं.





# गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाश पर्व पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

## 15 नवंबर को मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गुरुनानक देव के 554 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 13 नवंबर को गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा अंबिकापुर द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसकी अगुवाई पंज प्यारों ने की। प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा में 15 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा।

गुरु साहब की भव्य शोभायात्रा गुरुद्वारा सिंह सभा, स्कूल रोड से प्रारम्भ हुई। इसकी अगुवाई पंज प्यारे नवराज सिंह बाबरा, हरमिंदर सिंह भामरा, गुरु सेवक सिंह, डॉ. हर्षप्रीत सिंह धनजल, गुरुचरण सिंह छाबड़ा कर रहे थे। शोभायात्रा गुरुद्वारा साहिब से गुरुनानक चौक शिवाजी चौक (गुदरी चौक), जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, ब्रम्ह रोड होकर गुरुद्वारा नानक निवास बाबूपारा पहुंची। गुरुद्वारा नानक निवास में गुरुवाणी शबद कीर्तन के कार्यक्रम हुए। शोभायात्रा में सिख समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों व बच्चों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में गुरुग्रंथ साहिब की सवारी वाली गाड़ी को फूल-मालाओं से भव्य रूप से सजाया गया था, जो आकर्षण का केन्द्र था। शोभायात्रा में मुख्य रूप से गुरु सिंह सभा के रघुवीर सिंह छाबड़ा, सचिव नरेंद्र सिंह भामरा, मीडिया प्रभारी जगदीप सिंह छाबड़ा, जितेंद्र सिंह सोढ़ी सहित काफी संख्या में समाज के महिला-पुरूष व बच्चे शामिल रहे। शोभायात्रा में समाज की काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। फूल-मालाओं से सजाए गए गुरुग्रंथ साहिब की सवारी वाली गाड़ी के पीछे महिलाएं विशेष परिधान में चल रहीं थीं। इस दौरान महिलाएं गुरुग्रंथ के पीछे गुरुवाणी शबद कीर्तन कर रहीं थीं। गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पर्व पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शहर के हर चौक-चौराहों पर विभिन्न समाज व संगठन के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। 15 नवंबर को गुरु नानक देव जी के 555 वे प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। सुबह 11.30 बजे से 2.30 तक शब्द कीर्तन का प्रोग्राम चलता रहेगा। साथ ही समाज के प्रतिष्ठित लोग गुरु नानक देव जी के शिक्षाओं पर अपने विचार रखेंगे। 12.30 बजे से लेकर शाम तक गुरु का टूट लंगर चलता रहेगा। जिसमें समाज के अलावा नगर के सभी वर्गों के लोग शामिल रहेंगे। रात 9 बजे के बाद बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जिसमें बच्चे शब्द कीर्तन प्रस्तुत करेंगे। साथ ही गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर उनकी उदासी यात्राओं पर अपने-अपने विचार रखेंगे। इसके बाद भव्य आतिशबाजी की जाएगी।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आज से...सभी केन्द्रों पर तैयारी पूर्ण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पूरे प्रदेश सहित सरगुजा जिले में धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हो जाएगी। जो 31 जनवरी तक चलेगी। धान खरीदी को लेकर सभी खरीदी केन्द्रों पर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। जिले के कुल 54 उपार्जन केन्द्रों पर खरीदी की जानी है।

जिले में कुल 62243 किसानों ने धान समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। जिसका रकबा 78691 हेक्टेयर है। इस खरीफ वर्ष में 3829 किसान नए पंजीकृत हैं। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी शुरूय होने से पूर्व 5 किसानों ने टाकर काटा चुके हैं। किसान समिति एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से टोकन कटा सकते हैं। जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 351074 एमटी रखा गया है। धान खरीदी केन्द्रों पर बैनर एवं दीवार लेखन का कार्य किया गया है। वहीं किसानों के बैंक खातों के मिलान का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु स्थल की साफ-सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने हेतु छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु कांटा-बांट अथवा इलेक्ट्रॉनिक कांटा का सत्यापन, मॉइश्चर मीटर का कैलीब्रेशन किया गया है। उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, बारदाने की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। कलेक्टर विलास भोसकर ने बताया कि 34 बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार धान खरीदी हेतु सभी व्यवस्थाएं कर ली गई है। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जिला स्तर पर धान खरीदी की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए नोडल अपर कलेक्टर सुनील नायक को बनाया गया है।




## 3 के खिलाफ जुआ एक्ट की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत 3 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने फड़ से 3050 रुपए भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम उमरौली हर्रापारा में सार्वजनिक स्थान पर बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। पुलिस ने जुआ फड़ से 3050 रुपए जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने पंजेश्वर सिंह, रामयण राम राजवाड़े, अमर साय के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कार में तलवार रखकर लोगों को जान से मारने की दे रहा था धमकी,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कार में तलवार लेकर एक युवक अपने अन्य साथियों के साथ इमलीपारा में लोगों को डरा धमका रहा था। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तलवार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार रिजवान सिद्दीकी इमलीपारा का रहने वाला है। वह 10 अक्टूबर को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अक्टूबर की रात को चीनू पंडित व अन्य कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 9558 में सवार होकर इमलीपारा आए और रूक-रूक कर आने जाने वाले लोगों को तलवार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी सुधांशु राय उर्फ चीनू पंडित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से तलवार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# नाबालिग किशोरी का अपहरण कर बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कोचिंग गई नाबालिग लड़की का अपहरण कर एक युवक बनारस यूपी ले गया और वहां उससे शादी का झांसा देकर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है। परिजन की रिपोर्ट पुलिस ने नाबालिग बालिका को बनारस से बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार नाबालिग किशोरी 4 नवंबर को घर से कोचिंग गई थी। इसके बाद से वह लापता हो गई थी। परिजन ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बनारस यूपी से बरामद किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी अरविन्द कुमार दास अपहरण कर बनारस ले गया था और यहां शादी का झांसा देकर बलात्कार की घटना को अंजामा दिया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी अरविन्द दास उम्र 24 वर्ष निवासी मदारपुर थाना डुमरिया जिला गया बिहार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पूर्व की धारा के साथ 64(2)(ड), 87 बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोडक़र कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



## कलेक्टोरेट ऑफिस के सहायक अधीक्षक की स्कूटी चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टोरेट आफिस के सहयाक अधीक्षक की स्कूटी 6 नवंबर को उनके घर के पास से अज्ञात चोर ने पार कर दी। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार डीसी रोड निवासी मनोज त्रिपाठी कलेक्टोरेट ऑफिस में सहायक अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। वह 6 नवंबर को आफिस से शाम को घर आने के बाद अपनी स्कूटी को घर के बाहर खड़ा कर दिया था। रात 8.30 बजे घर से बाहर निकला तो स्कूटी नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ले गया। वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# अवैध रेत परिवहन मामले में खनिज व पुलिस की संयुक्त टीम ने की आधा दर्जन पर वाहनों पर कार्रवाई

- संवाददाता -
लखनपुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर उदयपुर थाना क्षेत्र के सीमा पर स्थित रेंड नदी से अवैध रेत उत्खनन का परिवहन किए जाने के मामले में खनिज और लखनपुर पुलिस की सयुक्त टीम की कार्रवाई देखने को मिली। सयुक्त टिम द्वारा आधा दर्जन वाहनों पर करवाई करते हुए सभी वाहनों को लखनपुर थाने में खड़ा कराया गया है। 13 नवंबर दिन बुधवार को मिली जानकारी के मुताबिक टीपर क्रमांक CG 15 DX 3116 टिपर चालक कुरु 27 वर्ष बकिरमा थाना मणिपुर, अशोक लीलैंड सोल्ड चालक अर्जुन पिता विजय 25 वर्ष थाना गांधीनगर, सोल्ड अशोक लीलैंड वाहन चालक शिवचरण पिता लाल साय 52 वर्ष उदयपुर धाब थाना मणिपुर, अशोक लीलैंड सोल्ड चालक प्रेम पिता मोहन 35 वर्ष मेंडरा कला थाना मणिपुर, सीजी 15 E 4891 चालक धनु राम पिता तेजू फुलडीहा थाना गांधीनगर,महिंद्रा ट्रैक्टर सोल्ड रेत भरा ट्राली छोड़कर चालक फरार हो गया, संयुक्त टीम ने सभी रेट परिवहन करने वालों को जप्त करते हुए लखनपुर थाने में खड़ा कराया है।सरगुजा कलेक्टर विकास भोस्कर के निर्देशन पर यह कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था ।प्रशासन के द्वारा बीच-बीच में कार्रवाई भी की जाती थी परंतु रेत माफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर प्रतिदिन रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा था। जिसे लेकर यह कार्रवाई की गई है। जहां मुख्य रूप से खनिज सुपरवाइजर सुरेश सिंह ठाकुर की टीम व लखनपुर थाना से सब इंस्पेक्टर ए.स . खुटिया , प्रधान आरक्षक सहायक उप निरीक्षक के के यादव, प्रधान आरक्षक प्रवीण चंद्र तिवारी, विजय राज सिंह, बलभद्र ठाकुर, आरक्षक दशरथ राजवाड़े ,अमरेश दास सक्रिय रहे ।



# बेकाबू स्कॉर्पियो ने बाइक-स्कूटी समेत ठेले को मारी टक्कर,1 की मौत



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक और स्कूटी सवार को अपनी चपेट में ले लिया है, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल है, गुस्साए ग्रामीणों के द्वारा स्कॉर्पियो वाहन में तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई है,वही, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुड़ गई है। बुधवार की देर शाम करीब 7 बजे काले रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 15 ईई-7300 दरिमा की ओर से तेज रफ्तार से अंबिकापुर की ओर आ रही थी। इसी बीच स्कॉर्पियो ने ग्राम कंठी मुख्य मार्ग पर 2 बाइक व स्कूटी सवारों तथा सडक़ किनारे लगे एक ठेले को टक्कर मार दी। उसने मेडिकल दुकान जा रहे एक युवक को भी चपेट में ले लिया। हादसे में ग्राम करजी निवासी रमेश प्रजापति पिता स्व. भरत प्रजापति 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। हादसे के बाद काफी संख्या में जुटी लोगों की भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। थोड़ी ही देर में स्कॉर्पियो पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। कुछ देर के लिए मुख्य मार्ग पर जाम लग गया।

# बाइक से गिरने के बाद विद्युत पोल से टकराया सिर,बालक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

ग्राम केवरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम को बाइक अनियंत्रित हो गया और बाइक के पीछे बैठा बालक का सिर विद्युत पोल में जाकर टकरा गया। हादसे में बाइक चला रहे युवक को मामूली चोटें आई थी। वहीं गंभीर रूप से जख्मी बालक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बिफन पिता खीरू गोड़ (19) लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर का रहने वाला है। वह मंगलवार को अपने चचेरे भाई नरेंद्र पिमा शिव गोड़ (13) के साथ बाइक से ग्राम केवरा किसी कार्य से गया था। शाम को वापस लौट रहा था। तभी ग्राम केवरा के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सडक़ पर गिर गए। इस दौरान नरेंद्र का सिर विद्युत पोल से जाकर टकरा गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं बिफन को मामूली चोट आई थी। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को इलाज के लिए लखनपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।





# तहसीलदार कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं से जनता परेशान,शिकायतों का अंबार







- सोनू कश्यप-
प्रतापपुर, 13 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

इन दिनों प्रतापपुर तहसील कार्यालय में आने वाले फरियादी गहरी समस्याओं से जूझ रहे हैं। तहसीलदार के कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न होने और कर्मचारियों की उदासीनता के कारण गरीब किसान से लेकर आम नागरिक तक छोटे से छोटे कार्य के लिए कई-कई बार कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। तहसील कार्यालय में न सिर्फ समय पर कार्य नहीं हो पा रहे हैं,बल्कि कई बार फरियादियों को बुरा व्यवहार भी सहन करना पड़ता है।

**गरीब किसानों की धान खरीदी पंजीयन प्रक्रिया में अड़चनें**

तहसील कार्यालय में किसानों के लिए धान खरीदी पंजीयन एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, लेकिन इसकी व्यवस्था सही न होने के कारण कई किसान अपना पंजीयन समय पर नहीं करा पा रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी फसल की बिक्री पर पड़ रहा है, जिससे किसानों में नाराजगी और असंतोष फैल रहा है।

**प्रमाण पत्रों के लिए भटकते लोग**

आय, जाति, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे बुनियादी दस्तावेजों के लिए भी आम नागरिकों को तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इन प्रमाण पत्रों की आवश्यकता विभिन्न सरकारी

» **फरियादियों की समस्याओं पर ध्यान देने की हो रही मांग...**

» **बिना रिश्वत के नहीं होता काम,प्रमाण-पत्रों व किसान पंजीयन के लिए भटकते हैं लोग...**

योजनाओं और नौकरी के आवेदन के लिए होती है, लेकिन प्रमाण पत्र मिलने में हो रही देरी के कारण लोगों का समय और ऊर्जा बर्बाद हो रही है।

**बिना रिश्वत के नहीं होता काम, शिकायतों का अंबार**

तहसील कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतें भी लगातार बढ़ रही हैं। फरियादियों का आरोप है कि कार्यालय में बिना रिश्वत दिए कोई काम नहीं किया जाता। अधिवक्ताओं और फरियादियों का कहना है कि न केवल कार्य में देरी होती है, बल्कि तहसील कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी जनता से अच्छा व्यवहार भी नहीं करते, जिससे लोग अपमानित महसूस करते हैं। चॉइस सेंटर से लेकर कार्यालय के अंदर तक, हर जगह काम कराने के लिए अनावश्यक पैसे की मांग की जाती है।

**जनाक्रोश और प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग**

तहसील कार्यालय में चल रही इन अव्यवस्थाओं को लेकर क्षेत्र के निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि तहसील कार्यालय में उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है और उन्हें बिना वजह परेशान किया जा रहा है। इस समस्या का समाधान निकालने और तहसील कार्यालय में कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

**प्रशासन से मांग**

जनता का कहना है कि जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और तहसील कार्यालय की कार्यशैली में सुधार लाना चाहिए। तहसीलदार की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जानी चाहिए और प्रमाण पत्रों का वितरण, पंजीयन कार्य एवं अन्य आवश्यक सेवाएं समय पर और ईमानदारी से संपादित की जानी चाहिए।

**निष्कर्ष**

तहसील कार्यालय की अव्यवस्था और अधिकारियों-कर्मचारियों के व्यवहार से लोग बेहद परेशान और नाराज हैं। अगर जिला प्रशासन समय रहते उचित कदम नहीं उठाता तो यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

# एसएसपी ने कड़ा किया तेवर,कबाडियों से कहा...बंद करो ये धंधा

» **सूरजपुर के कबाड़ व्यवसायी कुलदीप साहू द्वारा प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी की हत्या के बाद की जा रही है सख्ती, दोहरा हत्याकांड के बाद पुलिस पर कबाडियों से साठगांठ के लगे थे आरोप**

- संवाददाता -
बिश्रामपुर, 13 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

सूरजपुर के नवपदस्थ एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश के बाद बिश्रामपुर पुलिस ने कबाडियों को थाने तलब कर काम समेटने की हिदायत दी है। बिश्रामपुर पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र में कबाड़ का कारोबार करने वाले गुलाम मोहम्मद उर्फ गुड्डा, करमजीत सिंह उर्फ करमू, नितेश कबाड़ी सहित अन्य को थाना तलब कर अपना अवैध कार्य पूरी तरह से बंद करने के निर्देश दिए हैं।




14 अक्टूबर को सूरजपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी व उसकी बेटी की कबाड़ कारोबारी कुलदीप साहू ने जघन्य हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस की कबाड़ के कारोबारियों से तथाकथित साठगांठ को लेकर भी काफी बातें सामने आई थी।

वहीं इस हत्याकांड को लेकर जिले में काफी बवाल मचा था, जो प्रदेश स्तर पर चर्चित हो गया था। इसके बाद कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक का प्रदेश सरकार ने तबादला कर नए अधिकारियों की नियुक्ति की थी।

अब बताया जा रहा है कि आईजी के निर्देश के बाद नवपदस्थ एसएसपी ने जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर नए सिरे से कानून व्यवस्था की समीक्षा की है। उन्होंने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को दो टूक कहा है कि कबाड़, कोयला, मादक पदार्थों जैसे अवैध कारोबार पूरी तरह बंद होने चाहिए।

**थाना व चौकी प्रभारी की तय की गई जिम्मेदारी**

एसपी ने कहा है कि अगर किसी भी क्षेत्र में अवैध गतिविधि संचालन की जानकारी आती है तो इसके लिए संबंधित थाना व चौकी प्रभारी जिम्मेदार होंगे। एसएसपी ने वरिष्ठ अधिकारियों को थाना चौकी क्षेत्र के प्रभारियों के कार्यों की सतत समीक्षा करने पैदल गश्त कर लोगों के बीच पुलिस की प्रभावी उपस्थिति का अहसास कराने भी निर्देशित किया है

**ये काम करें बंद,दूसरा कारोबार शुरू कर लें**

पुलिस ने बताया कि कबाड़ कारोबारियों को पूरी तरह से दुकान का संचालन बंद कर दूसरा कारोबार करने निर्देशित किया गया है। दरअसल क्षेत्र के कबाड़ी पुट्ठा, प्लास्टिक, टीन टप्पर खरीदी की आड़ में कबाड़ दुकान का लंबे समय से संचालन कर रहे हैं।

यहां खदानों से चुराया हुआ लोहा व स्क्रैप, केबल खरीदकर रातों रात अंबिकापुर व सूरजपुर के कबाड़ कारोबारियों के यहां भेज दिया जाता है। कबाड़ कारोबार में स्थानीय पुलिस की संलिप्तता समय-समय पर सामने आती रहती है।

# महामाया खुली खदान के लिये अधिग्रहित भूमि के एवज में भू-विस्थापितों, आश्रितों को रोजगार हेतु साक्षात्कार का होगा आयोजन 16 नवंबर को



- संवाददाता -
जरही/भटगांव, 13 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

सूरजपुर जिले के भटगांव क्षेत्र के ग्राम जरही में एस ई सी एल की प्रस्तावित महामाया खुली खदान परियोजना के लिये ग्राम जरही की अधिग्रहित भूमि के एवज में एसईसीएल मुख्यालय द्वारा 56 भू-विस्थापितों / आश्रितों को रोजगार प्रदान किया जाना है, जिसकी स्वीकृति मुख्यालय बिलासपुर के तहत क्षेत्र को प्राप्त हुआ है। प्रक्रिया के तहत उन भू-विस्थापितों के द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया जाना है।

इस साक्षात्कर हेतु अधिग्रहित भूमि के राजस्व अभिलेख व भूमिस्वामी तथा उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही भी की जाएगी। इसमें 56 एवं 09 कुल 65 भू-स्वामियों के द्वारा प्रस्तावित उम्मीदवारों के अभिलेख सत्यापन के लिये दिनांक 16 नवंबर 2024 को शिविर का आयोजन सांस्कृतिक भवन नगर पंचायत जरही में करवाने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, प्रतापपुर द्वारा महाप्रबंधक एस ई सी एल भटगांव को पत्र जारी किया गया है। इस साक्षात्कार हेतु सम्पूर्ण अभिलेख सहित भूमिस्वामी व उम्मीदवारों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# जिलास्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका होंगी सम्मानित

» **15 नवंबर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी मुख्य अतिथि**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 13 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार 15 नवंबर 2024 को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में जिलास्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस



सम्मान समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाडे द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर जिले के चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अतुल सिंह परिहार ने बताया कि इस समारोह के तहत जिले के सभी बाल विकास परियोजनाओं से एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को वर्ष 2023-24 में उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार पंचायत स्तर पर कार्यक्रम कर पंचायत अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा परियोजना स्तर पर सम्मान कार्यक्रम कर समस्त सेक्टर से चयनित एक-एक आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका को सम्मानित किया गया है। इसके उपरांत प्रत्येक परियोजना से चयनित एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इन्ही कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की जानकारी प्रपत्र में राज्य स्तर पर प्रेषित की जावेगी, जिसमें जिले से एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को राज्य स्तर के कार्यक्रम में सम्मानित किया जावेगा।

# महिलाओं से बदतमीजी और अभद्र व्यवहार का आरोप, पूरा स्टाफ हड़ताल पर,दो साल बाद फूटा गुस्सा

» **बीएमओ पर आरोप लगाया है कि वे सीएल ईएल को लेकर प्रताड़ित करते हैं...अनुपस्थित दिखा देते हैं... बदतमीजी से बात करते हैं...वहीं महिलाओं के साथ अभद्रता से पेश आते हैं...**

- संवाददाता -
बलरामपुर, 13 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।

जिले के रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों ने बुधवार को खंड चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के बैनर तले बीएमओ को हटाने की मांग को लेकर धरने पर उतर आए स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रभारी बीएमओ के ऊपर शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना सहित कई तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि



मामले को लेकर पूर्व में भी शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**अभी तक सार्थक रिजल्ट नहीं मिला**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी के तौर पर डॉक्टर हेमंत दीक्षित पिछले दो सालों से पदस्थ हैं। उनकी कार्य शैली और बर्ताव को लेकर उनके ही विभाग के कर्मचारियों ने सवाल उठाए हैं। स्वास्थ कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि वे लोग किसी न किसी रूप से खंड चिकित्सा अधिकारी से प्रताड़ित हैं। जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी तब तक वे हड़ताल करेंगे। उन लोगों को अभी तक सार्थक रिजल्ट नहीं मिला, जिसकी वजह से उनको हड़ताल करने की जरूरत पड़ी।

**दो साल से प्रताड़ना झेल रहे...**

पिछले दो वर्षों में जब से प्रभारी खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हुए हैं तब से महिला स्वास्थ्य कर्मी हो या फिर पुरुष बीएमओ साहब के द्वारा बदसलूकी बदतमीजी करने का सिलसिला आज तक चला आ रहा है। उनके इस बर्ताव से परेशान होकर कई बार शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन उच्च अधिकारी मामले पर किसी भी तरह का संज्ञान नहीं लिए। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

# विकासखंड उदयपुर के ग्राम केदमा में हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

» **शासकीय योजनाओं के तहत 118 हितग्राहियों को 1.10 करोड़ के राशि चेक एवं विकास कार्यों का मिला लाभ,349 हितग्राहियों को हितग्राही मूलक सामग्री का वितरण**

» **विभागीय योजनाओं से सम्बंधित 78 आवेदनों का हुआ मौके पर निराकरण**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 13 नवम्बर 2024
(घटती-घटना)।





जिला प्रशासन द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत केदमा में बुधवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचकर कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है, इसलिए जिला प्रशासन की पूरी टीम आज आपके ग्राम में पहुंची है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिसमें योजनाओं से सम्बंधित आवेदन लिए गए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई रस्म कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री भोसकर ने अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल होकर शिशुओं को खीर खिलाई।

**हितग्राहीमूलक वस्तुओं का किया गया वितरण**



शिविर में 467 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। जिसमें शासकीय योजनाओं के तहत 118 हितग्राहियों को 1.10 करोड़ के राशि चेक एवं विकास कार्यों का लाभ मिला, वहीं 349 हितग्राहियों को हितग्राही मूलक सामग्री का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला पंचायत सरगुजा अन्तर्गत 36 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 05 हितग्राहियों को चक्रीय निधि, 18 हितग्राहियों को सामुदायिक निवेश निधि, 40 हितग्राहियों को बैंक लिंकेज ऋण चेक सौंपा गया। पीएम जनमन योजना के तहत 09 पीवीटीजी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाभी सौंपी गई। 44 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण पर लाभान्वित किया गया। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, कृषि विभाग के अंतर्गत 20 हितग्राहियों को बीज वितरण, 20 हितग्राहियों को पम्प वितरण एवं 01 हितग्राही को नलकूप खनन एवं पम्प से लाभान्वित किया गया। वहीं उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत 05 हितग्राही को पावर स्प्रेयर, समाज कल्याण विभाग द्वारा 120 हितग्राहियों के पेंशन प्रकरण स्वीकृति एवं 02 हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए की परिवार सहायता राशि चेक सौंपा गया। खाद्य विभाग द्वारा 127 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया गया।

**विभागीय योजनाओं से संबंधित शिविर में प्राप्त 78 आवेदनों का मौके पर निराकरण**

शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के सम्बंध में कुल 151 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 78 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के जल्द से जल्द निराकरण हेतु कलेक्टर श्री भोसकर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बता दें कि विभागीय अमले के द्वारा पूर्व में ही घर-घर सर्वे कर योजनाओं के सम्बन्ध में कुल 712 आवेदन प्राप्त किए थे, जिनका निराकरण शिविर से पूर्व ही किया जा चुका है। इन आवेदनों के तहत हितग्राहीमूलक सामग्री की मांग के आवेदकों को शिविर में सामग्री वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के तत्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक को 10 वर्ष का कारावास

## प्रकरण के अन्य दो अभियुक्तगण सुनील तिवारी एवं सतेन्द्र परौहा हुए दोषमुक्त

## शासकीय राशि का अवैध तरीके से आहरण कर उपयोग करने व गबन का आरोप सिद्ध

-बागी कलम-
अनूपपुर, 13 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

जिला लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय न्यायालय पंकज जायसवाल, प्रथम अपर सत्र नयायाधीश अनूपपुर के न्यानयालय ने सत्र प्र.क्र. 800045/2016 थाना कोतवाली अनूपपुर के अपराध क्र. 316/15 धारा 409, 420, 467, 471, 120बी, 34 भारतीय दण्ड संहिता के आरोपीगण राजेन्द्र प्रसाद तिवारी तत्कालीन प्रभारी शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा अनूपपुर, अनिल कुमार तिवारी पिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50-50 हजार रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। माननीय






न्यादयालय द्वारा प्रकरण के अन्य 02 अभियुक्तएगण सुनील तिवारी एवं सतेन्द्र परौहा को दोषमुक्त किया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा की गई। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शहडोल शाखा अनूपपुर द्वारा दिनांक 09.05.2015 को पुलिस थाना अनूपपुर के समक्ष इस आशय की लिखित शिकायत की गई थी कि राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा अनूपपुर में दिनांक 18.01.2012 से 20.02.2014 तक प्रभारी शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ थे, जिनके द्वारा की गई अनियमितताओं की जांच संयुक्त जांच दल से कराई गई थी। जांच प्रतिवेदन में अनियमितताएं कर राशि रू. 35,55,391 गबन पाया गया। तत्कालीन शाखा प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, उसका पुत्र अनिल तिवारी संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर, उसका दूसरा पुत्र सुनील कुमार तिवारी के सहभागिता से गबन किया गया तथा तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर अनिल तिवारी द्वारा रामजी प्रसाद तिवारी तत्कालीन शाखा प्रबंधक एवं मुर्तजा अंसारी के कार्यकाल में भी उनकी आईडी का उपयोग करके कुल राशि रू. 35,55,391 अपने खाते में स्थानान्तरण कर गबन किया गया है। उक्त लिखित शिकायत के आधार पर कोतवाली अनूपपुर द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया तथा अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग-पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां विचारोपरांत माननीय न्यानयालय द्वारा अभियुक्त गण को दोषी पाते हुए उपरोक्तय दण्ड से दण्डित किया है।

# सर्वमंगला पुलिस ने शव की पहचान न होने पर विधि-विधान से किया अंतिम संस्कार, दिया मानवता का परिचय



-संवाददाता-
कोरबा, 13 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।


कोरबा जिले के सर्वमंगला चौकी अंतर्गत बरमपुर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पीछे डंपिंग में बीते दिवस एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला था। सर्वमंगला पुलिस द्वारा मृतक की पहचान हेतु आसपास के इलाकों सहित अलग-अलग जिलों में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष माध्यमों से प्रयास किया जा रहा था, परंतु आज दिनांक तक मृतक के बारे में की जानकारी नहीं मिली। ऐसे में मृतक की बॉडी डिकंपोज हो रही थी, तब सर्वमंगला पुलिस ने आज मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव का अंतिम संस्कार किया। सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने मृतक के पोस्टमार्टम उपरांत सर्वमंगला चौकी से मृत बुजुर्ग व्यक्ति का पूरे विधि-विधान से शव यात्रा निकाल कर कफन-दफन किया। इसके अलावा मृतक के पोस्टर्माटम हेतु वाहन व्यवस्था के साथ साथ कफन-दफन सामग्री, फूल माला आदि की व्यवस्था भी की गई। सर्वमंगला पुलिस द्वारा लावारिस शव के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बेहद ही सराहनीय कार्य किया गया। उल्लेखनीय हैं की मृतक गुलाबी रंग का शर्ट और हाफ पेंट पहना हुआ था। पुलिस ने बताया कि मृतक भिक्षु था जो घूम-घूम कर भिक्षा मांगकर अपना पेट भरता था।

# जनप्रतिनिधियों ने बंद हुई ट्रेन की बहाली को लेकर खोला मोर्चा



## 16 गाँव के सरपंचों व जनप्रतिनिधियों ने रेल प्रबंधन को सौंपा पत्र





-बागी कलम-
अनूपपुर, 13 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

वेंकटनगर के क्षेत्र से लगे जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत निगौरा ग्राम से लगे लगभग 20 गांव के लोगों ने रेल प्रबंधन को पत्राचार किया और कोरोना काल के दौरान बंद हुई ट्रेन की बहाली को लेकर मोर्चा खोल दिया है। 16 ग्राम के सरपंचों ने रेल प्रबंधन को पत्राचार करते हुए बताएं कि निगौरा स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है इसमें लगभग 20 से अधिक ग्राम पंचायत है जहां हजारों की तादाद में यात्री परिवहन करते हैं। अनूपपुर से पहले यह स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन के रूप में जाना जाता है और लगभग यहां की आबादी अनूपपुर-शहडोल के लिए याता करती थी। स्टेशन के बंद हो जाने के पश्चात लोगों की यात्रा बहु बंद हो गई है और आने जाने के भीषण समस्या हो रही है। निगौरा स्टेशन से लगे 20 से अधिक ग्राम जो की कृषि एवं खेती के कार्य में संलग्न है और अपने माल या भाड़ा ट्रेन के ही माध्यम से ले जाने-लाने का काम करते थे। ऐसे में अब उन्हें पहले जैतहरी मंडी तक लेकर जाना पड़ता है और इसके पश्चात वहां से ट्रेन लेकर फिर शहडोल और अनूपपुर की तरफ जाना पड़ता है। जिससे आने-जाने में समस्या होती है और भाड़ा भी अधिक लगता है जिससे किसानों को भारी आर्थिक मार पड़ रही है। ऐसे विभिन्न समस्याएं हैं जिससे लोग आज जूझ रहे हैं, इन 20 ग्राम पंचायत में लगभग 50000 से अधिक की जनसंख्या निवासरत है और आसपास अनूपपुर के अतिरिक्त कोई भी जगह स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ट्रेन के परिचालन बंद होने से लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। 20 ग्राम के सरपंचों ने सामूहिक बैठक कर योजना बद्ध तरीके से रेल प्रबंधन को पत्राचार किया है और कोरोना काल के दौरान हुई ट्रेनों को प्ररिचालन के लिए निवेदन किया है साथ में सरपंच एवं सभी ग्राम के जनप्रतिनिधियों ने यह भी निवेदन किया है कि आने वाले समय में यदि रेल प्रबंधन मांगों को पूर्ण नहीं करती है तो आंदोलन की राह समस्त क्षेत्रवासी अपनाएंगे जिसके लिए रेल प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगी।



## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल जिले के विभिन्न कार्यक्रम में होंगे शामिल

-संवाददाता-
सूरजपुर, 13 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल 14 नवंबर को जिले के विभिन्न कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। जिसके तहत धान खरीदी के शुभारंभ पर वो धान उपार्जन केंद्र देवनगर, कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक और पश्चात तिलसिवा ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास मेला में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही वो 15 नवंबर को नगरपालिका के सामने रंग मंच में आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202410020700205

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-25
मणीपुर (प.ह.नं.00022
(70/3(0.0120 हे0)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-रामसिगार,
अनावेदक पक्षकार-रामसिगार,

**ईश्तहार**

आवेदक रामसिगार आ0 सिकिमचन्द निवासी ग्राम मणीपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा ग्राम मणीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 70/3 रकबा 0.012 हे0 भूमि को अपने जीवनकाल में आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य 1/5 अश में बराबर बटवारा किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25/11/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/10/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार, तहसील अम्बिकापुर

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रामानुजनगर,जिला-सूरजपुर

रा.प्र.क्र..../अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व आम ग्रामीण जन ग्राम देवनगर को सूचित किया जाता है। आवेदक दिलीप कुमार प्रधान आ0 संतोष कुमार प्रधान जाति सतगुप निवासी ग्राम देवनगर तहसील रामानुजनगर,जिला-सूरजपुर के द्वारा ग्राम देवनगर तहसील रामानुजनगर,जिला-सूरजपुर छ0ग0 में स्थित भूमि खसरा नंबर 2478/2 रकबा 0.02 हे0 भूमि कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, बी-1, खसरा,नक शा, रजिस्ट्री की छायाप्रति,सरगुजा सेटलमेंट, रिनबरिंग सूचि की छायाप्रति एवं ग्राम पंचायत देवनगर का अनापति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 29/11/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/11/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) रामानुजनगर,सूरजपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर -2 ,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)

रा.प्र.क्र.202410021700045/
/अ-27 /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अल्पना गुप्ता पत्नि डॉ0 जयंत गुप्ता व अन्य, निवासी वसुन्धरा बिहार गोधनपुर अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 द्वारा माननीय न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02, अम्बिकापुर के व्यवहार वाद क्रमांक 102अ/2021 में पारित आदेश दिनांक 13.08.2022 के परिपालन में ग्राम रजपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा न0 436, 441, 468, 469, 470, 487, 420/2, 571,572, 656 रकबा क्रमशः 0.150, 0.474, 0.040, 0.166, 0.539, 0.380, 0.311, 0.057, 0.219, 0.214 हे0 भूमि का अनावेदक कुशाग्र गुप्ता आ0 स्व0 कनक कुमार गुप्ता वगैरह, निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के मध्य खाता बटवारा कराने बावत आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/11/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार ,अंबिकापुर-02

### न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 ,जिला-सरगुजा,(छ0ग0)

रा.प्र.क्र.202410021700044/
/अ-27 /2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अल्पना गुप्ता पत्नि डॉ0 जयंत गुप्ता व अन्य, निवासी वसुन्धरा बिहार गोधनपुर अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 द्वारा माननीय न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02, अम्बिकापुर के व्यवहार वाद क्रमांक 102अ/2021 में पारित आदेश दिनांक 13.08.2022 के परिपालन में ग्राम देवगढ़ स्थित भूमि खसरा न0 610/2,611, 616/2, 619/2, 617/1 517/2, 517/3 रकबा क्रमशः 0.245, 0.214, 0.08, 0093, 0.065, 0.132, 0.065 हे0 भूमि का अनावेदक कुशाग्र गुप्ता आ0 स्व0 कनक कुमार गुप्ता वगैरह, निवासी मायापुर अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के मध्य खाता बटवारा कराने बावत आवेदन छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/11/2024 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 04/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार ,अंबिकापुर-02

### कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर सरगुजा (छ0ग0)

क्रमांक 8998/शिकायत जांच /2024-25 — अम्बिकापुर,दिनांक 08/11/2024

कर्त्तव्य स्थल से अनाधिकृत रूप से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित निम्नांकित शिक्षकों/ कर्मचारियों को इस विज्ञापन के माध्यम से अंतिम व सार्वजनिक रूप से सूचना दी जा रही है कि विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 01 माह के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना जबाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थित रहने व जबाब प्रस्तुत न करने की दशा में यह मानते हुए कि आपकी रूचि शासकीय सेवा में नहीं है तथा आप शासकीय सेवा से मुक्त होना चाहते हैं,बिना कोई सूचना दिए व बिना किसी जांच के शासकीय सेवा से पृथक कर दिया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।

| क्रं. | अनाधिकृत अनुपस्थित कर्मचारी का नाम | पदनाम | पदस्थापना | वि0ख0 | अनुपस्थित रहने का दिनांक | अनुपस्थित रहने की कुल अवधि | निवास का स्थाई पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्रीमती फागुनी पण्डो | भृत्य | उ.मा.वि. डाड़गांव | उदयपुर | 08/10/2021 to continue absent | 3 वर्ष से अधिक | ग्राम-मृगाडांड़,पोस्ट उदयपुर तहसील उदयपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) |
| 2 | कु0 गरीमा सिंह | स.शि.प्रयोग शाला संविदा | सेजेस ब्रह्मपारा | अम्बिकापुर | 01/01/2024 to continue absent | 8 माह से अधिक | शासकीय क्वार्टर नं.-जी4 बंगाली चौक रामानुजगंज रोड अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा |
| 3 | श्री इलीयाकिम तिग्गा | स.शि.एल.बी | प्रा.शा.महादेव टिकरा | अम्बिकापुर | 04/07/2024 to continue absent | 4 माह से अधिक | घड़ी चौक ट्रैफिक कार्यालय के पास,नगरनिगम पानी टंकी के पीछे अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) |
| 4 | श्री राजकुमार | भृत्य | शा.उ.मा.वि. बोदा | बतौली | 29/07/2024 to 01-08-24, 05-08-24 to continue absent | 3 माह से अधिक | ग्राम पोस्ट-सेवारी जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0) |
| 5 | श्री भीष्म सिंह | सहा0शि0 एल0बी0 | शा.प्रा.शा. मुड़पारा | अम्बिकापुर | 07/06/2022 to continue absent | 2 वर्ष 5 माह से अधिक | ग्राम मोतीपुर,तहसील दरीमा,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 6 | श्री नित्यानंद कुमार इंदरवार | भृत्य | शा0बा0उ0मा0 वि0 लखनपुर | लखनपुर | 2021 to continue absent | 3 वर्ष से अधिक | ग्राम अमगसी नवापारा,, तहसील लखनपुर जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 7 | श्री घोघरा राम | भृत्य | शा0 हाईस्कूल असकला | लुण्ड्रा | 2009 to continue absent | 15 वर्ष से अधिक | ग्राम सरबेली तहसील-लुण्ड्रा जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 8 | श्री ईश्वरचंद्र विद्यासागर | सहा0शि0 एल0बी0 | शा.प्रा.शा. जूनाकुदर | लुण्ड्रा | 06/03/2024 to 20-10-2024 and continue absent | 08 माह से अधिक | ग्राम जौरी पोस्ट-बबौली थाना-धौरपुर तहसील-लुण्ड्रा जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 9 | श्री दिनेश कुमार सिंह | भृत्य | शा.प्रा.शा. बिलासपुर | बतौली | 22-12-2023 to continue absent | 11 माह से अधिक | ग्राम बोदा पोस्ट-बिलासपुर तहसील-बतौली जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 10 | श्री दिलीप तिग्गा | भृत्य | शा.प्रा.शा. छेरमुण्डा | लुण्ड्रा | 12-07-2023 to continue absent | 1 वर्ष 4 माह | ग्राम नवडीह पोस्ट-पटोरा तहसील-धौरपुर जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 11 | श्रीमती रूचि सोनी | सहा0शि0 पंचायत | शा.प्रा.शा. चोरकाकछार | अम्बिकापुर | 2019 to continue absent | 6 वर्ष | |
| 12 | श्री सूरज कुमार भगत | सहा0ग्रे0- 3 | शा0उ0मा0 वि0 लक्ष्मणगढ़ | उदयपुर | 17-03-2021 to continue absent | 3 वर्ष से अधिक | ग्राम देवगढ़ पोस्ट-सीतापुर तहसील-सीतापुर जिला-सरगुजा(छ0ग0) |
| 13 | कुमारी चंचल | सहा0शि0 एल0बी0 | प्रा.शा.सलका | लखनपुर | 30-08-2024 to continue absent | 2.5 माह से अधिक | ग्राम नवागढ़ तहसील व पोस्ट -नवागढ़ जिला-बेमेतरा (छ0ग0) |
| 14 | श्री दलबीर राम | सहा0शि0 पंचायत | बालक आश्रम उड़मकेला | मैनपाट | 12-08-16 to continue absent | 8 वर्ष से अधिक | |
| 15 | श्री सहदेव प्रसाद | सहा0शि0 एल0बी0 | प्रा.शा. लाटापारा | मैनपाट | 26-06-24 to continue absent | 4.5 माह से अधिक | ग्राम नर्मदापुर तहसील मैनपाट जिला-सरगुजा (छ0ग0) |
| 16 | श्री अरूण कुमार सिदार | प्र.प्रा. | प्रा.शा. सलेहापारा | मैनपाट | 05-10-23 to continue absent | 1 वर्ष से अधिक | ग्राम महारानीपुर तहसील मैनपाट जिला-सरगुजा (छ0ग0) |
| 17 | श्री रंजीत राम | भृत्य | पूर्व मा0शा0 बा0 दरिमा | अम्बिकापुर | 20-08-24 to continue absent | 2 माह से अधिक | ग्राम लोधिमा माझापारा पोस्ट-भिट्ठीकला तहसील-अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) |
| 18 | श्री राकेश कुमार बनवासी | भृत्य | पूर्व मा0शा0 कछारडीह | बतौली | 26-07-24,27/07/24, 01/08/24,02/08/24 03/08/24,12/08/24 to continue absent | 3 माह से अधिक | ग्राम चंवरपानी नवापारा पोस्ट-बिलासपुर,थाना-बतौली तहसील-बतौली जिला-सरगुजा (छ0ग0) |
| 19 | श्री लखन सिंह | सहा0शि0 | शा0 प्रा0शा0 झापटपारा करौंदी | उदयपुर | 11-01-2024 to continue absent | 11 माह से अधिक | ग्राम नूनेरा नवापारा पोस्ट-खम्हरिया, तहसील-उदयपुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) |

जी. नंबर- 242503719/1

जिला शिक्षा अधिकारी
अम्बिकापुर, सरगुजा

# गिरदावरी में बड़े घोटाले का हो सकता है पर्दाफाश

# किसानों के अधिकारों पर लग रहा चोट

## पटवारियों की भी बड़ी धांधली, छत्तीसगढ़ शासन को हो रहा नुकसान




-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर, 13 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।

आगामी 14 नवंबर से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रक्रिया आरंभ होने जा रही है, जिसे किसानों के लिए एक महत्त्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना माना जा रहा है। लेकिन इस बार भी गिरदावरी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई हैं। गिरदावरी,जिसमें किसानों की फसलों का आकलन किया जाता है, में कई जगहों पर धांधली की खबरें सामने आ रही हैं। इस घोटाले के मूल में पटवारियों द्वारा की गई गलतियां बताई जा रही हैं। किसानों का कहना है कि यदि जिला प्रशासन प्रत्येक किसान की सूक्ष्मता पूर्वक जांच करवाए, तो बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ सकता है।

### पटवारियों की चूकःघर बैठे तैयार हो रही फसल रिपोर्ट

सूत्रों के अनुसार, प्रतापपुर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में पटवारियों द्वारा गिरदावरी के आंकड़े घर बैठे ही तैयार कर लिए गए हैं। कई स्थानों पर जहां मकान, तालाब या अन्य फसलें हैं, वहां भी धान की फसल लहलहाने की जानकारी दर्ज कर दी गई है। इससे न केवल प्रशासन को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ेगा, बल्कि यह किसानों के प्रति न्यायपूर्ण नीति का उल्लंघन भी है। किसानों का आरोप है कि गलत गिरदावरी के कारण कई पात्र किसान योजनाओं से वंचित रह सकते हैं और वास्तविकता में धान नहीं उगाने वाले लाभ उठा सकते हैं। इससे सरकारी खजाने को नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि ऐसे मामलों की जांच तत्काल प्रभाव से की जाए, ताकि सही स्थिति उजागर हो सके।

### बिलासपुर में हुआ बड़ा खुलासा,71 पटवारी नपे

इस झोलझाल का सबसे ताजा उदाहरण बिलासपुर जिले में देखने को मिला है, जहां जिला प्रशासन ने 71 पटवारियों के खिलाफ फर्जी गिरदावरी करने का खुलासा किया। इन पटवारियों को शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। इस खुलासे से राजस्व विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बिलासपुर प्रशासन द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद, अन्य जिलों में भी गिरदावरी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और गड़बड़ियों को रोकने के प्रयास तेज हो गए हैं। प्रतापपुर और आसपास के क्षेत्रों के किसान भी मांग कर रहे हैं कि इसी प्रकार की जांच उनके क्षेत्र में भी की जाए।

### प्रशासन का कदम और भविष्य की चुनौतियाँ

जिला प्रशासन ने इस मामले पर ध्यान देने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वे इस समस्या का समाधान निकालने के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। गड़बड़ी पाए जाने पर दोषी पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों और किसान अपने अधिकारों से वंचित न रहें।

### किसानों की अपील

क्षेत्र के किसानों ने इस मुद्दे पर अपनी आवाज बुलंद करते हुए प्रशासन से अपील की है कि वे इस तरह की जांच पूरे प्रदेश में करवाएं ताकि किसी भी किसान के साथ अन्याय न हो और उन्हें सरकार की योजनाओं का सही लाभ मिल सके।

**निष्कर्ष:** गिरदावरी में फर्जीवाड़े का यह मामला न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, बल्कि यह दर्शाता है कि किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए कितनी सतर्कता और पारदर्शिता की आवश्यकता है। प्रशासन के समक्ष चुनौती है कि वह इस घोटाले का पर्दाफाश कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए और किसानों का विश्वास बहाल करे।

### क्या कहते है एसडीएम

एसडीम ललिता भगत ने कहा कि एक बार फिर से आर आई पटवारी का बैठक बुलाकर मामला की सूक्ष्मता से जांच होगी,दोषी पाए जाने वाले पटवारी पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी,

# भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस का किया गया आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर, 13 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।

14 नवंबर 2024 को शासन द्वारा घोषित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस के अंतर्गत भैयाथान के मंगल भवन में परियोजना स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दिवस का आयोजन किया गया। भैयाथान परियोजना अंतर्गत कुल 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 13 सहायकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राम सेवक पैकरा द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समाज में महत्व पर प्रकाश डाला गया साथ ही कुपोषण तथा गांव में लोगों के समेकित विकास के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए गए कार्य की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करने करते रहने प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दुर्गा संतोष सारथी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का उत्साह वर्धन किया गया। मंडल अध्यक्ष श्री मार्तंड साहू द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उक्त अवसर पर शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी भैयाथान, समस्त पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं उपस्थित थे।

# अवैध धान भंडारण पर प्रशासन की नज़रअंदाजी

## हर साल होता है करोड़ों का घोटाला





-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर, 13 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में नवंबर से धान मंडियों में खरीदी शुरू होने वाली है, लेकिन इसके पहले ही क्षेत्र में अवैध धान भंडारण और जमाखोरी का खेल चरम पर है। राइस मिलर्स और धान के दलाल हर साल करोड़ों का गोरखधंधा करते हैं, और प्रशासन की धीमी गति के कारण यह घोटाला बिना किसी रोक-टोक के फल-फूल रहा है। प्रतापपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध धान भंडारण किया जा रहा है, जिससे शासन-प्रशासन को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

### प्रशासनिक कार्रवाई की मांग...जनता में आक्रोश

स्थानीय लोगों और किसानों में इस अवैध धंधे को लेकर भारी आक्रोश है। उनका मानना है कि अगर प्रशासन इस पर समय रहते कार्रवाई करे, तो करोड़ों का यह घोटाला रोका जा सकता है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि एक साथ मिलर्स और कोचियों के ठिकानों पर बड़े स्तर पर छापेमारी की जाए ताकि इस अवैध धान भंडारण का भंडाफोड़ किया जा सके। अगर प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाता, तो यह घोटाला हर साल बढ़ता ही जाएगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और किसानों के हितों को भारी नुकसान होगा। इस विषय में एसडीएम ललिता भगत ने कहा कि राजस्व विभाग, कृषि विभाग, मंडी विभाग के द्वारा, घर पकड़ कार्यवाही तथा सघन जांच की जाएगी तथा अवैध रूप से आ रहे धान को कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### राइस मिलर्स की साजिशः किसानों के खातों में फर्जी एंट्री से होता है खेल

सूत्रों के मुताबिक, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों से राइस मिलर्स 1500-1600 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर धान खरीदकर इसे अपने गोदामों में स्टॉक कर रहे हैं। इन मिलर्स ने कुछ किसानों और समितियों के प्रबंधकों के साथ मिलीभगत कर फर्जी तरीके से इस धान को किसानों के खातों में ÷कृषक धान÷ के तौर पर दिखाने का प्लान तैयार किया है, ताकि मंडी में समर्थन मूल्य पर इसे ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। इस तरह हर साल शासन को करोड़ों का चूना लगाया जा रहा है।

### चेकपोस्ट पर भी भ्रष्टाचार,सीमाओं से अवैध धान की तस्करी आसान

अवैध धान तस्करी में चेकपोस्टों की भी बड़ी भूमिका है। चेकपोस्ट के कर्मचारियों और अधिकारियों पर आरोप हैं कि वे मोटी रिश्वत लेकर अवैध धान को बिना मंडी कटे आसानी से दूसरे राज्यों से लाने देते हैं। इस तस्करी के चलते अवैध धान धड़ल्ले से राज्य की सीमाओं में दाखिल हो रहा है। चेकपोस्ट पर कार्यरत लोग रिश्वत लेकर इस धान को बिना किसी जांच-पड़ताल के अंदर आने देते हैं, जिससे ये गोरखधंधा हर साल और फैलता जा रहा है।

### मंडी विभाग की उदासीनता और मिलीभगत से फल-फूल रहा अवैध धंधा

कई सालों से मंडी विभाग के अधिकारियों पर भी इस अवैध धंधे में संलिप्तता के आरोप लगे हैं। जानकारों का कहना है कि मंडी विभाग को अवैध धान की इस बिक्री की पूरी जानकारी है, लेकिन अधिकारी रिश्वत के बदले आंखें मूंदे रहते हैं। शिकायतों के बावजूद बड़ी कार्रवाई न होने के कारण इस गोरखधंधे में प्रशासन के बड़े अधिकारियों की भी संलिप्तता मानी जा रही है।

# ग्राम सकरिया का रोजगार सहायक कर रहा है फर्जी दस्तावेजों से कार्य

## खड़गवां जनपद पंचायत में ऐसे कई मामलो में चल रहा है लीपापोती का खेल,आखिर क्यों नहीं होती इस तरह के के प्रकरणों में कार्यवाही ?




-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां, 13 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।

नियुक्त रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सकरिया धमेंद्र कुमार साहू आत्मज मोहरलाल साहू जनपद पंचायत खड़गवां जिला कोरिया का मूल निवासी हैं। उसके द्वारा दिनांक 28/7/2012 को डी. एड.की पढ़ाई ( नियमित) रुप से पहले दाखिला लिया गया था और उसके बाद ग्राम सकरिया में दिनांक 31/01/2013 को रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति हुई जो आज भी कार्यरत हैं। इस रोजगार सहायक धमेंद्र कुमार साहू ने डी0 एड0 की नियमित पढ़ाई और नौकरी एक साथ एक समय में किया गया है और रोजगार सहायक का कार्य भी किया गया है जो शासन के नियम के विरुद्ध है। जबकि शिकायत कर्ता ने इस संबंध में कोरिया कलेक्टर के जन वर्शन में और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया को एवं जनपद पंचायत खड़गवां को चार से पांच बार शिकायत किया गया था जिसकी आज तक कोई जांच एवं कार्यवाही तक नहीं कि गई। जिससे ग्राम पंचायत सकरिया निवासी रोजगार सहायक धमेंद्र कुमार साहू के द्वारा फर्जी दस्तावेजो के सहारे रोजगार सहायक की नौकरी धड़ल्ले से कर रहा है कार्यवाही नहीं होने के कारण मनोबल काफी बढ़ा हुआ है और एक ही समय पर दोनों जगह उपस्थिति दिखाई गई है एक तरफ नियमित डी0 एड0 का छात्र और दूसरी तरफ रोजगार सहायक का कार्य और रोजगार सहायक कि उपस्थिति पंजी में दर्ज है और तनख्वाह भी लिया गया है और उसी समय पर नियमित संस्था में उपस्थिति भी दर्ज है एक व्यक्ति एक समय पर दोनों का पूरा लाभ लेकर शासन के नियम कायदों को ताक में रखकर शासन से फर्जीवाड़ा कर वर्ष 31/01/2013 से रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ रहकर कार्य कर रहा है।

खड़गवां जनपद पंचायत में कई ऐसे भ्रष्टाचार से संबंधित फाइलों की जाच सिर्फ ठंडे बस्ते में पड़ी धूल खा रही है और ऐसे फर्जी तरह से नियुक्ति पाने वाले रोजगार सहायक ग्राम पंचायत में भी भारी फर्जीवाड़ा कर रहे हैं बिना किसी डर भय के अगर सही तरीके से इन फर्जी नियुकत रोजगार सहायक की जांच हो जाए तो कई बडे बडे भ्रष्टाचार के मामले सामने आ जाएंगे और ऐसे कई मामले भी सामने आये हैं और कई भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई भी हुई है मगर सकरिया ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्य मे भी काफी भ्रष्टाचार किया गया है जिसकी भी जाच होनी चाहिए जिससे इस रोजगार सहायक के द्वारा किये गये फर्जीवाड़े की पूरी पोल खुल सके। उसके बाद भी जनपद पंचायत के अधिकारी इस रोजगार सहायक पर कार्रवाई कयो नहीं कर रहे हैं इसे बचाने में क्यो लगे हुए हैं?

> इस संबंध मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी से जानकारी चाही तो उन्होंने ने कहा कि मैं अभी स्थानांतरण में आया हूं मुझे इस संबंध में कुछ जानकारी नहीं है इस संबंध में जानकारी लेकर ही कुछ बता पाऊंगा।
>
> **कृष्ण प्रताप सिंह,**
> **मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी**

### ग्राम पंचायत सकरिया के पंच परमेश्वर एवं ग्राम वासीयों ने किया रोजगार सहायक के दस्तावेजों का मिलान

जबकि ग्राम पंचायत सकरिया के लेटर पैड में पंचनामा भी तैयार किया गया उस पंचनामा में ग्राम वासी एवं पंचों का हस्ताक्षर युक्त पंचनामा बनाया गया है इस पंचनामा में दिनांक 31/01/2013 को रोजगार सहायक धमेंद्र कुमार साहू की नियुक्ति का स्पष्ट उल्लेख किया गया है और वर्तमान में भी कार्यरत होना भी अंकित किया गया है तथा डी. एड. के दाखिल 28/7/2012 को नियमित छात्र के रूप में पढ़ाई कि गई है और उत्तीर्ण भी है। दस्तावेजों के आधार पर रोजगार सहायक की उपस्थिति पंजी और डी. एड. कि उपस्थिति पंजी का मिलान किया गया है जो कि नियम विरुद्ध है और उक्त प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत सकरिया कि जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिस पंचनामा में ग्राम वासीयों एवं पंचों और सरपंच सचिव के हस्ताक्षर युक्त है। उसके बाद भी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी कयों मेहरबान है इस रोजगार सहायक पर कयो नहीं करते कार्य वाही। जब दस्तावेज स्पष्ट प्रमाणित कर रहे हैं उसके बाद भी कार्यवाही का नहीं किया जाना से स्पष्ट होता है कि जनपद पंचायत खड़गवां के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# प्रीपेड बूथ से तय होगा ऑटो रिक्शा का किराया : कलेक्टर



-संवाददाता-
कोरबा, 13 नवंबर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों एवं शासकीय योजनाओं के कार्य प्रगति समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने एवं समय सीमा के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी सहित अन्य सभी अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने आमजनों को ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा अधिक और मनमाना किराया लेने की समस्या से निजात दिलाने हेतु आने वाले दिनों में रेलवे स्टेशन में ऑटो प्रीपेड बूथ स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। शहर में ऑटो रिक्शा में सफर करने वाले यात्रियों का किराया दूरी के निर्धारित दर से तय हो इस हेतु प्रीपेड बूथ में दूरी एवं लगने वाले दर की सूची प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने इसके लिए ऑटो रिक्शा संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेने एवं एक मानक दर सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही प्रतिवर्ष मानक दर निर्धारण हेतु समिति का गठन कर निश्चित समय अंतराल में उसकी बैठक आयोजित करने के लिए कहा। जिससे ऑटो चालको को नुकसान ना हो। उन्होंने इस कार्य के लिए नगर निगम, राजस्व विभाग, पुलिस व आरटीओ विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए एक नई पहल है। इससे लोगों को फायदा होगा। इस हेतु सम्बंधित अधिकारी योजना के क्रियान्वयन के लिए गम्भीरता से प्रयास करें। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने 14 नवम्बर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी हेतु सभी सहकारी समितियों में आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति में धान बेचने आए किसानो को अनावश्यक किसी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिए। सभी केंद्रों में बारदाने का पर्याप्त भंडारण हो सभी नोडल अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। जिले में अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने हेतु सूचना तंत्र को सक्रिय करने एवं बिचौलियों पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील धान खरीदी केंद्र में सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया।

# इंडिया ऑस्ट्रेलिया:आगाज पर होगी अंजाम की जिम्मेदारी

**नईदिल्ली, 13 नवंबर 2024।** जीत गई है टीम इंडिया, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जाएगी गावस्कर के देश... ये लाइन सुने तकरीबन चार साल हो गए हैं। टीम इंडिया ने आखिरी बार साल 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से सीरीज में मात दी और टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। यह दूसरा मौका था जब भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में जाकर कंगारू टीम को टेस्ट सीरीज हराई थी। इस बार भी फैंस को टीम इंडिया के कुछ ऐसे ही करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि इस बार टीम इंडिया काफी कमजोर सी नजर आ रही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कमजोर टीम होने के बाद भी टीम इंडिया ने पिछली बार शानदार प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ी परेशानी उनकी बल्लेबाजी होगी। खास करके सलामी बल्लेबाजों का लगातार फ्लॉप होना। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया को करारी हार का सामना करना पड़ा था। जिसके पीछे सलामी बल्लेबाजों का खराब प्रदर्शन करना एक बड़ा कारण रहा है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इस बार भारतीय टीम के पास कोई ऐसा सलामी बल्लेबाज मौजूद भी नहीं है जो जिस पर पूरी तरह से भरोसा किया जा सके। हर सलामी बल्लेबाज में कोई न कोई कमी जरूर नजर आ रही है। टीम इंडिया के लिए यह सबसे बड़ी टेंशन बन गई है। दरअसल सलामी बल्लेबाजों पर अच्छी शुरुआत की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में उनका अच्छा करना बेहद जरूरी भी है।

### भारत के पास 5 सलामी बल्लेबाज

टीम इंडिया के पास ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच सलामी बल्लेबाज मौजूद हैं। जो टीम इंडिया के लिए ओपन कर सकते हैं। इसमें रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम को मेन ओपनर होंगे। इसके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन को बैकअप ओपनर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। टीम में केएल राहुल और शुभमन गिल भी शामिल है। जिन्होंने कई मौकों पर टीम इंडिया के लिए ओपन किया है। ऐसे में कुल पांच सलामी बल्लेबाज मौजूद हैं जिनका टीम इंडिया इस्तेमाल कर सकती है। हालांकि सभी बल्लेबाजों में कोई न कोई परेशानी नजर आ रही है। रोहित शर्मा के बारे में बात करें तो वह इस सीरीज का पहला मुकाबला मिस कर सकते हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा कुछ खास फॉर्म में नहीं हैं।



यशस्वी जायसवाल ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।तीन अन्य सलामी बल्लेबाजों के बारे में बात करें तो केएल राहुल टीम इंडिया में फ्लोटर की भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में ओपन भी किया है, लेकिन उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी बार फरवरी 2023 में किसी टेस्ट मैच में ओपन किया था। शुभमन गिल के आंकड़े बतौर ओपनर ऑस्ट्रेलिया में काफी कमाल के हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में तीन मैचों की 6 पारियों में 51.80 के औसत से 289 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 91 रनों का रहा है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया में वह तीन नंबर पर ही खेलते हुए नजर आ सकते हैं। इसके अलावा टीम इंडिया ने अभिमन्यु ईश्वरन को भी स्क्वाड में शामिल किया है। जिन्होंने अभी तक टीम इंडिया के लिए डेब्यू भी नहीं किया है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों की पूरी खेप सवालों के घेरे में है।

### 21 वीं सदी में 11 सलामी बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया में खेला

भारत में 21वीं सदी में 06 बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया है। जहां भारत की ओर से कुल 11 सलामी बल्लेबाजों ने खेली। इन सलामी बल्लेबाजों में वीरेंद्र सहवाग, मुरली विजय और शुभमन गिल के अलावा किसी के भी आंकड़े कुछ खास नहीं है। 11 सलामी बल्लेबाजों में आकाश चोपड़ा, वीरेंद्र सहवाग, वसीम जाफर, गौतम गंभीर, मुरली विजय, शिखरधवन, केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, पृथ्वी शॉ और रोहित शर्मा का नाम शामिल है।


## खेल की संक्षिप्त खबरें

### गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं रिकी पोंटिंग



**नईदिल्ली, 13 नवंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से पहले विराट कोहली के फॉर्म के बारे में उनकी टिप्पणियों पर भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और कहा है कि वह गंभीर की प्रतिक्रिया से हैरान नहीं हैं, उन्होंने उन्हें उग्र स्वभाव का व्यक्ति कहा है।

### एटीपी फाइनल्स:सिनर ने फिट्ज को हराया



**ट्यूरिन, 13 नवंबर 2024।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर की एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी के साथ अपने शानदार सत्र का समापन करने की तलाश जारी रही, क्योंकि शीर्ष वरीय खिलाड़ी ने टेलर फ्रिट्ज़ पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की, जिससे इली नास्तासे ग्रुप में उनकी 2-0 की बढ़त हो गई।फ्रिट्ज़ ने प्रतियोगिता के शुरुआती चरणों में सिनर को कड़ी टक्कर दी। हालांकि, इतालवी ने एक घंटे, 40 मिनट की जीत दर्ज करने के लिए आवश्यक होने पर अपना खेल का स्तर बढ़ाया, जिससे जोड़ी की एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज़ में 3-1 का सुधार हुआ। सिनर, जो 2024 के अपने आठवें टूर-लीडिंग खिताब की तलाश में हैं, अब एक भी सेट नहीं हारने के कारण ग्रूप से आगे बढ़ने की प्रबल दावेदारी में हैं।

# गुकेश विश्व चैम्पियनशिप में डिंग लिरेन के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार

**कोलकाता, 13 नवंबर 2024।** भारतीय किशोर ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा का मानना है कि मौजूदा फॉर्म को देखते हुए डी गुकेश चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने के प्रबल दावेदार हैं। विश्व चैंपियनशिप 25 नवंबर से 15 दिसंबर तक सिंगापुर में खेली जानी है। गुकेश अप्रैल में 17 साल की उम्र में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। उनके लिए 2024 उल्लेखनीय रहा। इसके विपरीत लिरेन को इस साल संघर्ष करना पड़ा है और वह जनवरी



के बाद से क्लासिकल प्रारूप में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाए हैं। प्रज्ञाननंदा ने यहां पत्रकारों से कहा,''गुकेश के हाल के फॉर्म को देखते हुए वह निश्चित रूप से खिताब का प्रबल दावेदार है। लेकिन विश्व चैंपियनशिप पूरी तरह से एक अलग टूर्नामेंट है। मुझे यकीन है कि गुकेश वास्तव में अच्छी तैयारी कर रहा होगा। देखते हैं कि मुकाबला कैसे आगे बढ़ता है। प्रज्ञाननंदा टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में खेलने के लिए यहां आए हैं। टूर्नामेंट में उनका पहला मुकाबला ही विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा। उन्होंने कहा, कार्लसन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करना काफी रोमांचक होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। निश्चित रूप से, हर कोई मैग्नस के साथ खेलने के लिए उत्साहित है। यह टूर्नामेंट के लिए भी अच्छा है। वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है। यह वास्तव में सभी खिलाड़ियों के लिए रोमांचक है।



### केएल राहुल का आरसीबी और विराट कोहली पर बड़ा बयान

**नईदिल्ली, 13 नवंबर 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए नीलामी 24 और 25 नवंबर को होनी है। इस नीलामी में केएल राहुल किस टीम के साथ जुडेंगे इस बात को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा है। चर्चा ये भी है कि नीलामी में आरसीबी राहुल को खरीद लेगी और वे इस टीम के अगले कप्तान हो सकते हैं। पूर्व में राहुल ने भी ऐसी इच्छा जताई है। बहरहाल, नीलामी से पहले राहुल ने आरसीबी और विराट को लेकर बेहद इमोशनल बयान दिया है। केएल राहुल ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने कई विषयों पर खुलकर अपनी बात कही है। इस कड़ी में उन्होंने 8 साल पहले की ऐसी घटना का जिक्र भी किया है जो उनसे, विराट से और आरसीबी से जुड़ी हुई है।

# वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम में हुए बड़े बदलाव

**नईदिल्ली, 13 नवंबर 2024।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही टी-20 सीरीज में कैरेबियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। बाएं टखने में मोच के कारण आंद्रे रसेल बाकी बचे 3 मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह शमर स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया गया है।इसके अलावा अल्जारी जोसेफ की निलंबन के बाद वापसी हुई है।पहले 2 टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। उन्हें दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में वह तीसरे टी-20 मुकाबले में वापसी करना चाहेंगे।ऐसी है वेस्टइंडीज की टी-20 टीम- रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्डे, शिमरोन हेटमायर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड और शमर स्प्रिंगर।इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले के दौरान कप्तान शाई होप द्वारा निर्धारित फील्ड प्लेसमेंट से अल्जारी खुश नहीं थे। इससे गुस्सा होकर वह विरोध में मैदान छोड़कर बाहर चले गए थे।वेस्टइंडीज वह मुकाबला कुछ समय तक सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलते हुए नजर आई थी। इसके बाद अल्जारी को 2 मैच का निलंबन झेलना पड़ा।उन्हें सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी और उन्होंने होप के साथ सुलह भी की।



### स्मिथ की अच्छी खेल योजनाओं को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं....

**नईदिल्ली, 13 नवंबर 2024।** अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में स्टीव स्मिथ के खिलाफ़ कई मुकाबलों में उनकी अच्छी खेल योजनाओं को तोड़ने के तरीके खोज लिए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल में उनके समय के दौरान नेट सेशन ने उन्हें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ के खिलाफ़ तैयारी करने के तरीके के बारे में भी जानकारी दी। 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी बॉर्डर-गावस्कर सीरीज़ में दोनों दिग्गज अपनी प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। यह जोड़ी 2013 से टेस्ट क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी रही है, जिसमें संघर्षरत स्मिथ को 2020-21 सीरीज़ की शुरुआत में अश्विन ने दो बार आउट किया था। जब ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत का दौरा किया, तो स्मिथ दो बार अश्विन और तीन बार रवींद्र जडेजा के हाथों आउट हुए। अश्विन ने कहा, स्टीव स्मिथ स्पिन के खिलाफ़ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उनके पास अपनी अनूठी तकनीक है, यहां तक कि तेज़ गेंदबाज़ी के खिलाफ़ भी। लेकिन स्पिन के साथ, मुझे लगता है कि वह बेहतरीन गेम प्लान, बेहतरीन तैयारी के साथ आए थे और हाँ, वह इसे अंजाम देते थे। और पिछले कुछ सालों में मैंने इसे तोड़ने के तरीके और साधन खोज लिए हैं।



### चैंपियंस ट्रॉफी ना खेलने पर पाकिस्तान को होगा अरबों का घाटा

**नईदिल्ली, 13 नवंबर 2024।** अगले साल 50 ओवर प्रारूप में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजना होना है। जिसके लिए भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करने वाली है।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए अपने मैच दुबई में खेलने की इच्छा जताई है।अब पीसीबी टूर्नामेंट का संभावित बहिष्कार करने को सोच रही है। अगर ऐसा होता है तो उनके लिए यह बड़े घाटे का सौदा होगा। वह निलंबन भी झेल सकते हैं।इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेजबान पाकिस्तान को पत्र लिखकर कह दिया है कि भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है।वहीं पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी भी कह चुके हैं कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल नहीं अपनाएगा।

रिपोर्ट्स की माने तो पाकिस्तान सरकार अपनी टीम को टूर्नामेंट से हटाने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा होता है तो आईसीसी पाकिस्तान क्रिकेट को निलंबित कर सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार यदि पीसीबी टूर्नामेंट का बहिष्कार करती है तो मेजबान पाकिस्तान को मेजबानी शुल्क की पूरी राशि जो 6.5 करोड़ डॉलर (लगभग 5 अरब रुपये) है, उससे वंचित होना पड़ेगा।साथ ही आईसीसी से मिलने वाली धनराशि में भी कटौती होगी।यदि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल अपनाने का फैसला करता है तो आईसीसी पाकिस्तान बोर्ड को पूरी मेजबानी फीस और उसे अधिकांश मैच घर पर कराने का भी मौका देगा।





# सुभाष घई ने किया ऐतराज 2 का ऐलान

### क्या फिर से स्क्रीन पर साथ लौटेंगे अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर ?

अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर खान अभिनीत ऐतराज़ ने 12 नवंबर, 2024 को अपनी 20वीं वर्षगांठ मनाई। अब निर्माता सुभाष घई ने ह्रस्न 2 के निर्देशक अमित राय के साथ ऐतराज़ 2 की योजना का खुलासा किया है। घई ने पुष्टि की कि राय के पास एक बड़ी हिट स्क्रिप्ट है, और मुख्य महिला की तलाश जारी है। उन्होंने यह भी साझा किया कि सीक्वल सामाजिक नाटक पर केंद्रित होगा और कामुकता पर समकालीन विचारों से संबंधित साहसिक मुद्दों का पता लगाएगा।

### सुभाष घई ने ऐतराज 2 की पुष्टि की

हाल ही में एक साक्षात्कार में, सुभाष घई ने ऐतराज़ की सीक्वल फिल्म की पुष्टि की, जो बोल्ड विषयों पर आधारित होगी। ऐतराज़ 2 के निर्माण के बारे में बात करते हुए, सुभाष घई ने कहा कि उन्होंने फिल्म निर्माता अमित राय से एक शानदार स्क्रिप्ट सुनी, जो फिल्म ओएमजी 2 के लेखक-निर्देशक हैं। उन्होंने कहा हमें विभिन्न स्टूडियो से इतने सारे कॉल आ रहे हैं कि वे फिल्म बनाने में रुचि रखते हैं। और मुझे कहना होगा कि अमित के पास इस समय एक बड़ी हिट स्क्रिप्ट है। मुझे यह वाकई बहुत पसंद आई। अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित, ऐतराज़ का निर्माण 2004 में सुभाष घई ने किया था। लेकिन सीक्वल फ़्लिम का निर्देशन अमित राय करेंगे।

ऐतराज में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे को उठाया गया है। सीक्वल की अवधारणा के बारे में पूछे जाने पर, सुभाष घई ने कहा कि यह विषय अमित राय का है। उन्होंने साझा किया कि अमित राय ने आज के यौन जीवन के बारे में एक और साहसिक मुद्दा लिखा है, जिसमें नए मूल्य आ रहे हैं।


### ऐतराज़ के कलाकार और विषय

सुभाष घई ने आगे साझा किया कि वे अब ऐतराज 2 की मुख्य महिला को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा ÷हमारे पास एक इच्छा सूची है, लेकिन देखते हैं कि किसे अंतिम रूप दिया जाता है। यह फिर से एक साहसिक भूमिका होगी, जिसके लिए मुझे यकीन है कि अभिनेता को बहुत सारे पुरस्कार मिलेंगे, जैसा कि प्रियंका को मिले थे। निर्माता ने यह कहकर निष्कर्ष निकाला कि सीक्वल ऐतराज से बेहतर होगा! अब्बास-मस्तान द्वारा निर्देशित 2004 की फिल्म ऐतराज में अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा जोनास, करीना कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे। कलाकारों में अमरीश पुरी, अन्नू कपूर, परेश रावल, विवेक शौक, प्रीति पुरी, उपासना सिंह, दिनेश लांबा भी शामिल थे।

# सिकंदर का मुकद्दर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में उनके साथ जिमी शेरगिल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अविनाश तिवारी भी इस फिल्म का अहस हिस्सा हैं।अजय देवगन और तब्बू की फिल्म औरों में कहां दम था का निर्देशन कर चुके नीरज पांडे ने सिकंदर का मुकद्दर के निर्देशन की कमान संभाली है।अब सिकंदर का मुकद्दर की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।सिकंदर का मुकद्दर सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को आप 29 नवंबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।इसके साथ सिकंदर का मुकद्दर का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें तमन्ना, जिमी और अविनाश की तिकड़ी कमाल दिख रही है।नेटफ्लिक्स इंडिया ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, तीन अरोपी, लेकिन कौन अप्राधि? केस जल्दी ही खुल जाएगा।स्पेशल 26, बेबी और एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी जैसी फिल्में बना चुके नीरज पांडे आखिरी बार अजय देवगन और तब्बू की औरों में कहां दम था में नजर आए थे। इस नई फिल्म की कहानी 60 करोड़ के हीरे की चोरी, उसकी तलाश और एक पुलिस इंस्पेक्टर की जिद के इर्द-गिर्द घूमती है।तमन्ना भाटिया इस साल स्त्री 2 में अपने कैमियो और आइटम डांस नंबर आज की रात से काफी चर्चा में रही हैं। वह तेलुगु फिल्म ओडेला 2 में भी नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसके अलावा वह करण जौहर के बैनर तले बनी डेयरिंग पार्टनर्स में भी नजर आएंगी।



### अदिति मिस्त्री की वाइल्ड कार्ड एंट्री ने सर्दी में बढ़ा दिया तापमान

टीवी रियलिटी शो बिग बॉस 18 में वाइल्ड कार्ड के तौर पर अदिति मिस्त्री की एंट्री हुई है। अदिति के घर में आते ही घर का तापमान बढ़ गया है। अदिति की बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही है। बिग बॉस के घर में भी अदिति का बोल्ड अंदाज ही नजर आ रहा है। इंस्टाग्राम पर अदिति मिस्त्री का अकाउंट वेरीफाइड नहीं है लेकिन उनके फॉलोअर्स की संख्या 2.4 मिलियन है। इसी से उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।सोशल मीडिया पर अदिति मिस्त्री की बेहद बोल्ड तस्वीरें मौजूद हैं। आदिति मिस्ट्री की तस्वीर ऐसी हैं कि उनके फैंस की नजर तस्वीरों पर से हटती ही नहीं। अदिति मिस्त्री इस समय बिग बॉस के घर में घर का तापमान बढ़ा रही हैं। उनकी बोल्ड अदाएं दर्शकों को कितनी पसंद आएगी यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन फिलहाल बिग बॉस के घर में मेल कंटेस्टेंट पर बिजलियां गिरा रही हैं। उन्हें मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है, सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि अदिति मिस्त्री के आने से शो की अश्लीलता बढ़ जाएगी। वहीं कुछ लोगों का यह कहना भी है कि उनके आने से ग्लैमर का तड़का लगेगा। मतलब रिस्पांस मिला-जुला है।बोल्ड तस्वीरों से आदिति मिस्ट्री के इंस्टाग्राम अकाउंट भरा पड़ा है। हर तस्वीर पर ढेर सारे कमेंट है कुछ कमेंट अच्छे हैं तो कुछ भद्दे भी हैं।अदिति मिस्त्री को फिलहाल लोग बिग बॉस के घर में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर पहचान रहे हैं। लेकिन वह एक बिजनेस वूमेन हैं और इनफ्लुएंसर हैं, जो कई सारे काम करती हैं। अदिति मिस्त्री फाइन आर्ट से जुड़ी हुई है और वह अपने फैंस को भी इसके बारे में बताती रहती हैं, इसी वजह से वह कई लोगों के लिए प्रेरणा भी बनी हुई है। एक्टर साहिल खान को डेट कर रही थी ऐसी खबरें भी सामने आई थी। फिलहाल उनका स्टेटस सिंगल है या फिर वो रिलेशनशिप में है यह क्या पाना अभी मुश्किल है, लेकिन बिग बॉस के घर में कहां कोई बात छिपती है।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### सीएम साय ने बढ़ाया सहकारी समिति कर्मचारियों का वेतन-भत्ता



#### अब 14 से शुरू होगी धान खरीदी

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के करीब 13,000 कर्मचारियों का वेतन और भत्ता 25 प्रतिशत बढ़ा दिया है। इसके साथ ही सहकारी समितियों के कर्मियों की चल रही हड़ताल खत्म हो गई। इसके साथ ही अब 14 नवंबर से अपने निर्धारित तारीख से धान खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री साय की पहल से छह साल बाद सहकारी समितियों के कर्मियों की मांग पूरी हुई है।

### राज्य सरकार के नीतिगत निर्णयों में न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं हो सकता



**बिलासपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों में गेस्ट लेक्चररों की भर्ती को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने डिवीजन बेंच के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि राज्य सरकार के नीतिगत निर्णयों में न्यायालय का हस्तक्षेत नहीं हो सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि नई शिक्षा नीति के तहत बनाई गई भर्ती नीति से महाविद्यालयलों में योग्य लेक्चररों की नियुक्ति संभव होगी। जिससे अध्ययन व्यवस्था और छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

### जीपी सिंह को हाईकोर्ट से मिली राहत



**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली हैं। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में दर्ज राजद्रोह के मामले में जीपी सिंह के खिलाफ सभी कार्यवाही रद्द कर दी है। इससे पहले सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने भी जीपी सिंह को राहत देते हुए उनके बहाली का आदेश दिया था। जीपी सिंह को जुलाई 2023 में राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी थी।

### वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा का निधन

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** बूढ़ापारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार गोपाल वोरा (81 वर्ष) का बुधवार 13 नवंबर को सुबह 9 बजे निधन



हो गया। वे राजेश वोरा और मनीष वोरा के पिता थे। अंतिम यात्रा आज दोपहर 1 बजे डीडी नगर, एमआईजी-27, सेक्टर 3 से निकाली जायेगी। अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट में होगा। वोरा ने राजधानी से प्रकाशित विभिन्न समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी थीं। वे रायपुर प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्यों में से थे और कई बार पदाधिकारी भी रहे।

### कॉलेज छात्रा ने हॉस्टल में लगाई फांसी



**कोंडागांव, 13 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले से आत्महत्या का मामला सामने आया है. यहां शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय की कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में नल के शावर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार, शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा नीलिमा साहू ने हॉस्टल में नल के शावर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# रायपुर दक्षिण सीट पर मतदान सम्पन्न

- पोलिंग बूथ पर भाजपा-कार्यकताओं में झड़प
- रायपुर दक्षिण में कुल 2.71 लाख मतदाताओं में 1.37 लाख महिलाएं।
- भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी ने वोटिंग से पहले जोरदार जनसंपर्क किया था...
- कांग्रेस और भाजपा दोनों अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही हैं....

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर बुधवार शाम छह बजे मतदान खत्म हो गया। पांच बजे तक 39.23 प्रतिशत मतदान हुआ।मतदान के दौरान रायपुर के दानी गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र पर जबरदस्त हंगामा हुआ। भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की और मतदान प्रक्रिया में व्यवधान डालने की कोशिश की।

घटना के बाद तत्काल पुलिस बल को मौके पर भेजा गया और भारी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया। पुलिस ने बीच-बचाव कर स्थिति को काबू में किया और दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश की। हालांकि, इस हंगामे के कारण मतदान प्रक्रिया में कुछ समय के लिए देरी हुई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हंगामा शांत हुआ और मतदान पुनः शुरू हुआ।

#### रायपुर दक्षिण में युवा और अनुभव के बीच मुकाबला

इस चुनाव में युवा और अनुभव के बीच मुकाबला है, और इसका फैसला दक्षिण की जनता करेगी। खास बात यह है कि यहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है, जो चुनावी नतीजे में अहम भूमिका निभा सकती हैं। कुल 2,71,169 मतदाताओं में 1,37,317 महिला और 1,33,800 पुरुष मतदाता हैं।

#### दोनों पार्टियां जीत को लेकर आश्वस्त

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जनता भाजपा से परेशान हो चुकी है और बदलाव चाहती है। वहीं, भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि दक्षिण की जनता जानती है कि कांग्रेस हर बार नया प्रत्याशी यहां सिर्फ घूमने के लिए भेजती है, और भाजपा की जीत निश्चित है।






### भाजपा प्रत्याशी ने शुभ मुहूर्त में किया मतदान

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में दोपहर तीन बजे तक 39.23 प्रतिशत और दोपहर 1 बजे तक 28.37 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसी बीच भाजपा रायपुर दक्षिण प्रत्याशी सुनील सोनी ने शुभ मुहूर्त में मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी सोनी अपने परिवार के साथ महाराणा प्रताप स्कूल एडवर्ड रोड में मतदान किया।इससे पहले सुबह 9 बजे तक 8.23 प्रतिशत और 11 बजे तक 18.73 मतदान हुआ। मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह का माहौल है। सुबह से लोग मतदान के लिए पोलिंग बूथ पहुंचने लगे हैं। भाजपा रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने अश्वनी नगर सामुदायिक भवन स्थित मतदान केंद्र में वोट डाला। मतदान के बाद भाजपा विधायक कहा, रायपुर दक्षिण के भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी प्रचंड बहुमत से जीतेंगे। वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल दोपहर 12:00 बजे बैरन बाजार स्थित महिला पॉलिटेक्निक में मतदान किया।वहीं, 1,500 से ज्यादा कर्मचारी सहित 1,800 से ज्यादा सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, इसके नतीजे 23 नवंबर को झारखंड, महाराष्ट्र के चुनावों के साथ सामने आएंगे।

### जारी वोटिंग के बीच मतदान केंद्र में आपस में भिड़े भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता

छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। मतदान जारी रहने के दौरान दानी गर्ल्स स्कूल के मतदान केंद्र में दोनों दलों के समर्थकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें एक-दूसरे के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप कर कार्यकर्ताओं को वहां से हटाया और माहौल शांत कराया। बताया जा रहा कि भाजपा कार्यकर्ता के गमछा पहनकर मतदान केंद्र के भीतर जाने और कांग्रेस के महापौर एजाज ढेबर के फूड पैकेट बांटने के आरोपों के चलते विवाद खड़ा हो गया। इस दौरान स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया और मामला शांत कराया गया।उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस और मजिस्ट्रेट लेवल के अधिकारी तैनात किए गए।

### कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा ने सपरिवार किया मतदान



#### भाजपा उम्मीदवार सुनील सोनी ने शुभ मुहूर्त पर डाला वोट

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की वोटिंग सुबह 7 बजे से शुरू हो गई है। उपचुनाव को लेकर लोगों में उत्साह है और सुबह से ही पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन ने बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर और सभी मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था की है। साथ ही सभी मतदान केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। वोटिंग के बीच कांग्रेस के प्रत्याशी आकाश शर्मा ने पं. सुंदरलाल शर्मा स्कूल में सपरिवार वोटिंग की। उन्होंने सुबह हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने माता-पिता और पत्नी के साथ वोटिंग की। वहीं, भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोनी ने मंदिर में पूजा-पाठ कर शुभ मुहूर्त पर परिवार के साथ मतदान किया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान अवश्य करें, लोकतंत्र के पर्व में एक-एक वोट का बड़ा महत्व है।

## केन्द्रीय मंत्री डॉ.मांडविया एवं मुख्यमंत्री साय की अगुवाई में जशपुर में माटी के वीर पदयात्रा का भव्य आयोजन

- माई भारत स्वैच्छिक संगठन से जुड़े 10 हजार से अधिक युवा हुए शामिल...

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में आज जशपुर नगर में माटी के वीर पदयात्रा आयोजित हुई। जशपुर के बालाछापर से शुरू हुई लगभग सात किलोमीटर लंबी पदयात्रा विभिन्न चौक, चौराहों एवं मार्गो से होते हुए रणजीता स्टेडियम पहुंची। इसका उद्देश्य धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय समुदायों की विरासत और देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को देश-दुनिया को बताना और सम्मानित करना है। माटी के वीर पदयात्रा को



लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह था। पदयात्रा में शामिल लोगों के स्वागत-सम्मान में जगह-जगह सुन्दर रंगोलियां और कलाकृतियां बनाई गई थी। गम्हरिया चौक पर जनजातीय समुदायों के प्राचीन अस्त्र-शस्त्र एवं वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। पदयात्रा के दौरान आदिवासी नर्तक दलों द्वारा गीत और नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

जशपुर नगर के बालाछापर से निकली पदयात्रा विभिन्न मार्गो और चौकचौराहों से होते हुए शहर के हृदय स्थल रणजीता स्टेडियम पहुंची। पूरे जशपुर नगर में इस पदयात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा की गई। पदयात्रा में बस्तर के किलेपाल से आए जनजातीय नर्तक दल के कलाकारों ने ककसार नृत्य प्रस्तुत किया गया। पदयात्रा के दौरान विभिन्न समाज और संगठनों के लोगों ने भी जगह-जगह पदयात्रियों का स्वागत-सम्मान किया। इस पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री एवं जशपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंक राम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद श्री राधेश्याम राठिया एवं श्री चिंतामणी महराज, विधायक श्रीमती गोमती साय, श्रीमती रायमुनि भगत, श्री राम कुमार टोप्पो, श्री सुशांत शुक्ला, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियम्बदा सिंह जूदेव सहित श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, श्री रणविजय सिंह जूदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक सहित माई भारत से जुड़े दस हजार से अधिक वॉलेंटियर भी शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय गौरव दिवस पर 15 को वर्चुअली छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में होंगे शामिल

- राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित है राज्य स्तरीय कार्यक्रम...
- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि...
- आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता...

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती-जनजातीय गौरव दिवस पर राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में 14



और 15 नवंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस मौके पर जमुई बिहार से छत्तीसगढ़ के कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से जुड़ेगे। श्री मोदी इस इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत् लाभान्वित हितग्राहीयों कि चर्चा भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 15 नवंबर को दोपहर 10.30 बजे से शुरू हो रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

## राजधानी में दो दिनों तक बिखरेगी आदिवासी लोक नृत्यों की छटा

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में दो दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस के भव्य आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के कलाकार भी अपनी संस्कृति की झलक बिखेरेंगे। 14-15 नवम्बर को आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पूर्वोत्तर भारत के पांच राज्यों मेघालय, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के कलाकार रायपुर पहुंच चुके हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन पर कलाकारों का पुष्पाहार और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। पूर्वोत्तर राज्यों से आए ये कलाकार वांगला-रुंगला, रेट-किनॉन्ग, गेह पदम ए ना-न्यी ई, सोलकिया जैसे लोक नृत्यों की प्रस्तुति से अपनी संस्कृति के विविध रंग बिखेरेंगे।फसल कटाई के बाद गारो आदिवासी करते हैं वांगला-रुंगला नृत्य, देवता मिस्सी सालजोंग का करते हैं जनजातीय गौरव दिवस पर प्रस्तुति देने मेघालय से 20 सदस्यों की टीम रायपुर आई है। यह दल गारो जनजाति द्वारा फसल कटाई के बाद किया जाने वाला वांगला-रुंगला लोक नृत्य प्रस्तुत करेगी। इसके कलाकार मेघालय की राजधानी शिलांग से करीब 200 किलोमीटर दूर नॉर्थ कर्व हिल्स से आए हैं। दल का नेतृत्व कर रहे मानसेन मोमिन ने बताया कि वांगला गारो जनजाति का लोकप्रिय त्योहार है। यह जनजाति कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। फसल कटाई के बाद उर्वरता के देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने के लिए वे यह नृत्य करते हैं। वे फसल उपलब्ध कराने के लिए भगवान को धन्यवाद देते हैं, उनकी पूजा कर नाच-गाकर प्रार्थना करते हैं और नई फसल का भोग लगाते हैं। देवता मिसी सालजोंग को धन्यवाद देने से पहले किसी भी कृषि उत्पाद का उपयोग नहीं किया जाता है।



## नक्सली संगठन ने फोर्स पर लगाए गंभीर आरोप

#### कहा...दो ग्रामीणों की पुलिस ने हत्या की...

**जगदलपुर, 13 नवम्बर 2024 (ए)।** नक्सल प्रभावित बस्तर के बीजापुर जिले के रेखापल्ली इलाके में हुई मुठभेड़ को लेकर नक्सली संगठन ने पुलिस और फोर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इनका आरोप है कि पुलिस ने दो ग्रामीणों की हत्या की है, वहीं एक नक्सली के मारे जाने की भी पुष्टि की गई है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी की दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी प्रवक्ता गंगा द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि रेखापल्ली में एक



पीएलजीए सदस्य समेत दो ग्रामीणों की हत्या की गई है। गंगा ने इसकी निंदा भी की है। इस पत्र में उल्लेख है कि फोर्स ने खेत में काम कर रहे किसानों पर फायरिंग की। इस दौरान दो ग्रामीणों की मौत हो गई। वहीं कुछ अन्य घायल हो गए। इनका आरोप है कि घायल ग्रामीणों को फ़ोर्स के जवानों ने पीटा और फिर बीजापुर मुख्यालय में ले गए। इसके बाद से वे ग्रामीण आज तक वापस नहीं लौटे हैं।

#### बीजापुर में विस्फोटक के साथ तीन नक्सली गिरफ्तार

बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के सर्च ऑपरेशन से लगातार कामयाबी मिल रही है। कई नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया वहीं कई नक्सली ढेर हुए हैं। हाल ही में बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने खुलासा किया कि इस साल 309 दिनों में 189 नक्सली मारे गए हैं। इसी कड़ी में बीजापुर में एक बार फिर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। यहां से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है।

राणापारा के जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान 3 नक्सली गिरफ्तार नक्सल विरोधी अभियान के तहत सोमवार को नैमेड़ थाना पुलिस की टीम राणापारा के जंगल में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इस दौरान जवानों ने भाकपा नक्सली संगठन के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया. पकड़े गए तीनों नक्सली मिलिशिया सदस्य है। जेल भेजे गए तीनों नक्सली पकड़े गये माओवादी में सोनू ओयाम उम्र 35 वर्ष, सन्नू लेकाम उम्र 40 वर्ष, मांडो ऊर्फ मांडू हपका उम्र 48 कैका के निवासी है। पकड़े गये माओवादियों के खिलाफ थाना नैमेड़ में कार्रवाई के बाद बीजापुर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से तीनों नक्सलियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है.नक्सलियों से विस्फोटक बरामद प्रतिबंधित भाकपा नक्सली संगठन के पकड़े गए नक्सलियों से विस्फोटक बरामद हुआ है। इसके अलावा प्रचार प्रसार की सामग्री भी बरामद की गई है।



## भिलाई स्टील प्लांट में गैस रिसाव

- तीन मजदूर घायल,
- एक की हालत गंभीर

**रायपुर, 13 नवम्बर 2024(ए)।** भिलाई स्टील प्लांट से बड़ी खबर सामने आई है, जहां ब्लास्ट फर्नेस-6 में गैस रिसाव की घटना हुई है। इस रिसाव की चपेट में तीन मजदूर - मोहम्मद मेराज, हरिचरण, और मोहन लाल गुप्ता - आ गए, जिससे वे बेहोश हो गए। सभी को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए मेन मेडिकल पोस्ट लाया गया और फिर सेक्टर 9 अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। इनमें से दो मजदूरों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है, जबकि एक की हालत गंभीर है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)